● जयपुर, बुधवार 20 नवंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 92 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 प्रदेश की डेमेज सड़को को विश्वस्तरीय बनाना हमारी प्राथमिकता है...

पेज @4 सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन को मिले ....

पेज @8 राजस्थान की राजनीति पाक-साफ और शुचिता की राजनीति, यहां कानून...

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली चिकित्सा विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

## आपणो स्वस्थ राजस्थान राज्य सरकार की प्राथमिकता : सीएम

● कहा : अन्तिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाए सुलभ एवं सस्ता इलाज

● मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश की जनता को सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हम अन्तिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आमजन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विभाग है,



### आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना साकार हो

» शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री को जानकारी दी कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में लगभग 48 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया मिशन मोड़ पर चल रही है तथा अब तक लगभग 8 हजार पदों पर नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में खाली पड़े पदों पर आवश्यकतानुसार चरणबद्ध रूप से भर्ती की जाए तथा न्यायालय में लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करवाकर नियुक्तियां दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे शहरों और कस्बों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेशभर में आयुष्मान मॉडल सीएचसी बनाने का निर्णय लिया है। इससे न केवल निचले स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी बल्कि बड़े अस्पतालों पर भार भी कम होगा। उन्होंने अधिकारियों को इन मॉडल सीएचसी का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए इसलिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी राज्य सरकार की सभी बजटीय घोषणाओं को प्रभावी कार्ययोजना के साथ त्वरित गति से पूरा किया जाए, जिससे ' आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना साकार हो

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का करें व्यापक प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत आमजन को निःशुल्क इलाज उपलब्ध करवाया जा रहा है। हमने इस योजना के तहत पीडियाट्रिक पैकिज शामिल करने, कुछ पैकेज की दरों को तर्कसंगत बनाने तथा पोर्टिबिलिटी सुविधाओं को शामिल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना में जो नए प्रावधान जोड़े गए हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत चिकित्सा के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में संचालित सभी आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में प्रमुख 12 सेवाएं मिलना सुनिश्चित किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजस्थान डिजीटल हैल्थ मिशन के तहत प्रदेशवासियों का स्वास्थ्य रेकार्ड डिजिटल रूप से संधारित करने के लिए अभियान चलाकर प्रदेश के हर व्यक्ति की आभा आई डी बनाई जाए।

न्यूज़ अपडेट

## देशभर में सर्दी का असर हुआ तेज, कई राज्यों में आज होगी बारिश

**नईदिल्ली/एजेंसी।** देशभर में मौसम करवट बदल चुका है और उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत हो चुकी है। कई इलाकों में तो तापमान 15 डिग्री तक जा पहुंचा है, जिसके चलते सुबह-शाम घना कोहरा छाया रहता है।मौसम विभाग ने आज उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश और राजस्थान समेत कई जगहों पर घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है।दूसरी तरफ दक्षिण भारत में तमिलनाडु, तटीय आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप, रायलसीमा और केरल में बारिश की संभावना है।

लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में भी ठंड धीरे-धीरे बढ़ रही है। प्रदूषण के चलते दिन में धूप नहीं निकल रही है, जिससे तापमान में भी गिरावट आ रही है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 3 दिन दिल्ली में ठंड, कोहरे और प्रदूषण का असर देखने को मिलेगा।आज दिल्ली के ज्यादातर इलाके में घना कोहरा छाया रह सकता है, जिसको लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 15 डिग्री रह सकता है।

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रात के वक्त ठिठुराने वाली ठंड पडना शुरू हो गई। आज यहां कुछ इलाकों में घना कोहरा छाया रहा।इसी के साथ मौसम विभाग ने राजस्थान में आने वाले दिनों में ठंडक बढने की संभावना जताई है। प्रदेश के सीकर जिले में तापमान गिरकर 7.5 डिग्री तक पहुंच गया है।बताया जा रहा है कि उत्तर-पश्चिमी राज्यों में अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है।

## गैर-हिंदुओं कर्मचारियों का होगा तबादला, तिरुपति मंदिर बोर्ड का अहम फैसला

● राजनीतिक बयानबाजी करने पर होगी कार्रवाई

**नईदिल्ली/एजेंसी।** तिरुपति मंदिर के प्रसादम में मिलावट का मामला काफी सुर्खियों में रहा. ऐसी गलती दोबारा न हो, इसको लेकर कड़ा फैसला लिया गया है. हाल ही में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की बैठक हुई. बैठक में मंदिर बोर्ड के नए अध्यक्ष बीआर नायडू के नेतृत्व में अहम फैसले किए गए हैं. बैठक में तय किया कई बड़े फैसले लिए गए हैं. बैठक में तय गया कि मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन में करने वाले समय को दो से तीन घंटे तक कम करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल का गठन किया जाएगा. मंदिर में राजनीतिक बयानबाजी पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा. बैठक में लड्डू बनाने के लिए उच्च क्वालिटी की घी खरीदी, गैर हिंदू कर्मचारियों के ट्रांसफर करने जैसे कई अहम फैसले लिए गए हैं. टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने बताया कि भगवान के दर्शन के लिए प्रतीक्षा समय को घटाने के लिए प्रभावी तरीके तलाशे जा रहे हैं. टीटीडी ने एआई सहित अन्य तरीकों के इस्तेमाल से भक्तों के सैलाब को कम करने और उन्हें सुव्यवस्थित करने के उपायों को खोजने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल का गठन किया है.

### प्रधानमंत्री मोदी का रियो डी जेनेरियो में खाद्य सुरक्षा पर बड़ा वादा

# दुनिया के देश भारत की पहल से सीख लें : मोदी

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो में दुनिया भर के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों से भेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की (प्रथम) उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी यहां जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

51 वर्षीय भारतवंशी गीता गोपीनाथ ने एक्स हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात पर खुशी का इजहार करते हुए सेल्फी पोस्ट की। गीता ने लिखा, "रियो में जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना बहुत अच्छा लगा। उन्होंने भूख और गरीबी कम करने में भारत की कई सफलताओं से अवगत कराया। विश्व को भारत की इस रचनात्मक पहल से सीख लेनी चाहिए।"

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गीता गोपीनाथ की एक्स पोस्ट को साझा करते हुए लिखा, "भारत खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने और गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपनी सफलताओं को आगे बढ़ाएंगे और सभी के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए अपनी सामूहिक शक्ति और संसाधनों का उपयोग करेंगे।"



### प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों से की भेंट

रियो डी जेनेरियो। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्राजील के शहर रियो डी जेनेरियो में दुनिया के प्रमुख राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात हुई है। इनमें दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर मुलाकात की तस्वीरें साझा कर खुशी जताई है।

प्रधानमंत्री मोदी से भेंट के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा, रप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है, क्योंकि भारत के साथ हमारी साझेदारी समृद्ध और बहुआयामी है। हमने पिछली जनवरी में मेरी राजकीय यात्रा के दौरान शुरू की गई पहलों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की।

## दिल्ली में सांस लेने लायक नहीं हवा, वायु प्रदूषण का स्तर अति गंभीर श्रेणी में दर्ज



**नईदिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली में हवा सांस लेने लायक नहीं बची है। वायु प्रदूषण का स्तर बिगड×कर अति गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। इसका असर मंगलवार को भी दिखा।मंगलवार को सुबह दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे की मोटी धुंध दिखाई पड़ी, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई। इस दौरान समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी 494 पर पहुंच गया, जो अति गंभीर श्रेणी में है।दिल्ली के 35 निगरानी स्टेशनों में से अधिकतर में एक्यूआई 500 के पार दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, आनंद विहार, अशोक विहार, जहांगीरपुरी और मेजर ध्यानचंद स्टेडियम, जवाहरलाल नेहरू स्टेडिम, मुंडका, रोहिणी, पंजाबी बाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, वजीरपुर, आरके पुरम समेत कई इलाकों में एक्यूआई 500 के पार दर्ज किया गया है।दिल्ली के अलावा गुरूग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद में भी वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया है। यहां भी सुबह कोहरे की मोटी धुंध दिखाई पड़ी थी। प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। अब स्कूलों में सिर्फ ऑनलाइन कक्षाएं ही चलेंगी।दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी 23 नवंबर तक और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने 22 नवंबर तक ऑनलाइन कक्षाएं चलाने का फैसला लिया है।दिल्ली के सरकारी कार्यालयों में कामकाज के समय में भी बदलाव हुआ है। निगम के कार्यालय सुबह 8:30 से और दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से खुलेंगे। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के चौथे चरण की पाबंदियों में आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बीएस -3 वाले पेट्रोल वाहनों और बीएस-4 के डीजल वाहनों के दिल्ली- एनसीआर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## सरकार कश्मीर, पूर्वोत्तर, नक्सल प्रभावित इलाकों में हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम करने में सफल रही: अमित शाह

**गांधीनगर/एजेंसी।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पिछले 10 साल में जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम करने में सफल रही है. शाह ने यहां राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान भरोसा जताया कि आगामी दशक भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को दुनिया में सबसे अधिक वैज्ञानिक और सबसे तेज बना देगा. शाह ने कहा, कई वर्षों से तीन क्षेत्रों को बहुत अशांत माना जाता था - कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाके. हमने इन तीनों क्षेत्रों में सुरक्षा के मामले में उल्लेखनीय सुधार किया है. पिछले 10 साल के आंकड़ों की तुलना, उससे पहले की अवधि से करने पर पता चलता है कि हम हिंसा को 70 प्रतिशत तक कम करने में सफल रहे हैं. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. बड़ी संख्या में लोगों ने हिंसा को कम करने के सरकार के प्रयासों का पूरे दिल से समर्थन किया है.

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में नशीले पदार्थों को जब्त किए जाने की घटनाएं एक दशक पहले की तुलना में छह गुना बढ़ी हैं. उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों के



लागू होने से लोगों को देश के किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय से न्याय मिलेगा. उन्होंने कहा, आगामी 10 साल भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को सबसे आधुनिक, सबसे वैज्ञानिक और सबसे तेज बनाने का समय है. जब से मैं पैदा हुआ हूं, तब से मैंने आक्षेप सुने हैं कि अदालत से न्याय देरी से मिलता है. मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद देश के किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर उच्चतम न्यायालय से न्याय मिल जाएगा. देश में तीन नए आपराधिक कानून - भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) इस साल एक जुलाई से लागू हुए।

## भारत-चीन विदेश मंत्री वार्ता : मानसरोवर यात्रा और सीधी विमान सेवाओं पर मंथन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने जी20 के इतर बैठक में कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को फिर से शुरू करने, सीमा पार नदियों पर डेटा साझा करने, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान और मीडिया संबंधी आदान-प्रदान पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने महसूस किया कि हमारा ध्यान संबंधों को स्थिर करने, मतभेदों को ठीक से संभालने और आगे के कदम उठाने पर होना चाहिए।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन के अपने समकक्ष वांग यी से कल रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की थी। विदेश मंत्री वांग यी ने जयशंकर से सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन संबंधों का विश्व राजनीति में विशेष महत्व है।



दोनों मंत्रियों ने माना कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने से शांति और स्थिरता की दिशा में प्रगति हुई है। इस बात पर सहमति हुई कि विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव और उनके चीनी समकक्ष के बीच एक बैठक जल्द ही होगी।

विदेश मंत्रालय की ओर से आज जारी बयान में बताया गया है कि जयशंकर ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत अपने रिश्तों को दूसरे देशों के चश्मे से नहीं देखता। भारत की विदेश नीति सैद्धांतिक और सुसंगत रही है और यह हमारे स्वतंत्र विचार और कार्रवाई से झलकती है। हम प्रभुत्व स्थापित करने के एकतरफा दृष्टिकोण के खिलाफ हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत बहुध्रुवीय एशिया सहित बहुध्रुवीय दुनिया के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत और चीन के बीच मतभेद और समानताएं दोनों हैं। हमने ब्रिक्स और एससीओ ढांचे में रचनात्मक रूप से काम किया है। जी20 में भी हमारा सहयोग स्पष्ट रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट-इलाहाबाद हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप, पाकिस्तानी नंबर से आया मैसेज

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

देश में धमकी भरे कॉल और मैसेज आने का सिलसिला जारी है. अब सुप्रीम कोर्ट, इलाहाबाद हाईकोर्ट और प्रयागराज रेलवे स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. ये धमकी सोमवार देर रात एक पाकिस्तानी नंबर से व्हाट्सएप मैसेज के जरिए दी गई.

जानकारी के मुकाबिक, ये धमकी भरा मैसेज श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष और ईदगाह केस में वाद दायर करने वाले आशुतोष पांडे के व्हाट्सएप पर सोमवार रात 13.30 से 1.40 बजे के बीच किया गया. पाकिस्तानी नंबर से उन्हें वॉइस मैसेज किया गया. बता दें कि आज शादी ईदगाह मामले की इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है. इससे पहले आशुतोष पांडे के व्हाट्सएप पर एक के बाद एक कुल 6 वॉइस मैसेज आए.

# मुश्किल नहीं सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसरों का सृजन

अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी 'गोल्डमैन सैक्स' की हालिया रिपोर्ट चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही आर्थिक विकास की गति को बनाए रखने के लिए जरूरी भी हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार जीवीए यानी कि ग्रास वैल्यू एडिशन 6.5 प्रतिशत बनाए रखने के लिए 2025 से 2030 के दौरान सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना आवश्यक है। हालांकि जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था उछाल भर रही है उस स्थिति में इस लक्ष्य को प्राप्त करना मुश्किल भी नहीं लगता है।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें रोजगार के नित नए अवसर तो विकसित करने ही होंगे वहीं इस तरह की आर्थिक नीति तय करनी होगी जिससे देश में स्थानीय स्तर पर आय के साधन विकसित हो, आर्थिक गतिविधियां बढ़ें, मेट्रोपोलिटन सिटीज के स्थान पर छोटे शहरों–कस्बों में आर्थिक गतिविधियां बढ़ें। इसके लिए सरकार को रोडमैप बनाकर आगे बढ़ना होगा। विकास के केन्द्र को विकेन्द्रित करना होगा। बड़े शहरों की ओर पलायन को रोकते हुए नए आर्थिक गतिविधियों के केन्द्र विकसित करना होगा। यह बात साफ हो जानी चाहिए कि एमएसएमई–मैन्यूफेक्चरिंग–विनिर्माण क्षेत्र ऐसा है जहां रोजगार के अवसर अधिक विकसित होते हैं। देश में एक करोड़ सालाना रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए पहले से ही कार्ययोजना तैयार है। केवल इस कार्ययोजना को नए सिरे से अंजाम देने की आवश्यकता है।

कोरोना के बाद चीन की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और उसके चलते दुनिया के देश भारत की और आशा की नजर से देख रहे हैं। यही कारण है कि एक और मल्टीनेशनल कंपनियां भारत की और रुख कर रही हैं तो दूसरी और जिस तरह से देश में आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है उससे आर्थिक विकास को गति मिली है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय स्वर्ण चतुर्भुज योजना बनी और जिस तरह से मोदी सरकार में गड़करी के नेतृत्व में हाई–वे, एक्सप्रेस हाई–वे आदि बनकर तैयार हो रहे हैं उससे आवागमन आसान हआ है। इससे आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिली है। इसमें कोई दोराय नहीं कि रियल एस्टेट सेक्टर ऐसा सेक्टर है जहां 80 प्रतिशत तक रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। अब सरकार को रियल स्टेट को मेट्रोपोलिटन शहरों से छोटे शहरों–कस्बों की और शिफ्ट करने पर ध्यान देना होगा जिससे बड़े शहरों पर दबाव कम होगा। इसी तरह से बेंगलुरु को आईटी का केंद्र बनाने या गुरुग्राम या नोएडा या गेटर नोएडा या अन्य इसी तरह के देश के विभिन्न हिस्सों में केन्द्र विकसित होने से इन स्थानों पर अत्यधिक दबाव बढ़ा है और उसके परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसे में टियर 2 व टियर 3 के शहर कस्बों में आईटी हब विकसित करने, इनके आसपास के क्षेत्रों में छोटे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने, इन स्थानों पर जीसीसी यानी कि ग्लोबल कैपेसिटी सेंटर विकसित करने के आवश्यकता है। लघु उद्योगों के विकास और उनके निर्यात को बढ़ाना होगा। मोदी सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और छोटे उद्योगों को प्रोडक्शन लिंक्ड योजना के तहत प्रोत्साहन से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। आज भी कपड़ा, जूते, खिलौने, खाद्य सामग्री और इसी तरह के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार ध्यान भी दे रही है तो दूसरी और विकास और रोजगार के अवसर विकसित हो रहे हैं।

देखें तो पिछले बीस साल में 19 करोड़ 60 लाख नए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। इसमें भी गत एक दशक में अधिक तेजी आई हैं। कोरोना के बाद से परिस्थितियों में तेजी से बदलाव आया है तो वैश्विक सिनेरियो भी भारत के पक्ष में साफ दिखाई दे रहा है। दुनिया के देश खास तौर से रूस–यूक्रेन, इजराइल–हमास–ईरान आदि आपस में जूझ रहे हैं तो यूरोपीय देश, अमेरिका आदि अपनी अपनी समस्याओं से जूझ रहे है। ऐसे में भारत के पास राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर सामने आ रहे हैं। फिर देश का राजनीतिक नेतृत्व भी जिस तरह से दुनिया के देशों पर डॉमिनेट होकर उभरा है उसके भी सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सख्त फैसले लेने वाली सरकार आज की आवश्यकता है और अमेरिका के हालिया चुनाव नतीजे इसे साफ करते हैं। एक सकारात्मकता यह भी है कि देश में आज युवा पीढ़ी का वर्चस्व है और ऐसे में प्रोडक्टिविटी बढ़ाना और बढ़ना दोनों ही सहज हो जाता है। सरकार को इस तरह की नीतियां बनानी होगी ताकि आधारभूत सुविधाओं का विकेन्द्रीत विस्तार हो और रोजगारपरक गतिविधियां आसान हों। बाजार के हालात अच्छे होने के साथ ही निर्यात को और अधिक आसान बनाना होगा। ऐसे में विकास या आर्थिक गतिविधियां केन्द्रीकृत ना होकर के विकेन्द्रीत होगी और स्थानीय स्तर पर अधिक रोजगार के अवसर व कौशल विकास संभव हो पाएगा। हमारे लिए यह रिपोर्ट इसलिए चिंतनीय नहीं होनी चाहिए कि देश में सालाना एक करोड़ रोजगार के अवसर विकसित करना कोई चुनौतीपूर्ण काम नहीं होगा केवल सोच व क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

# भारत में शोषण और अपराधमुक्त नया बचपन उभरे



ललित गर्ग

हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1954 में हुई थी। 20 नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि इसी दिन 1959 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया था। इसी दिन 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को भी अपनाया था। सार्वभौमिक बाल दिवस पहली बार 1925 में जिनेवा, स्विटजरलैंड में बाल कल्याण के विश्व सम्मेलन में घोषित किया गया था। हालाँकि, इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में मान्यता नहीं मिली, लेकिन 1954 में ब्रिटेन ने अन्य देशों को बच्चों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए एक दिन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सार्वभौमिक बाल दिवस, जिसे विश्व बाल दिवस या सिर्फ़ बाल दिवस के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में बच्चों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

बाल अधिकारों की घोषणा बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज़ है। इसे मूल रूप से मानवाधिकार कार्यकर्ता एग्लेंटाइन जेब ने प्रस्तावित किया था और 1924 में राष्ट्र संघ द्वारा अपनाया गया था, इससे पहले 1959 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसका विस्तारित संस्करण पेश किया गया था। एग्लेंटाइन जेब एक समाज सुधारक और पूर्व शिक्षिका थीं, जिन्होंने 1919 में सेव द चिल्ड्रन नामक चैरिटी की स्थापना की थी। प्रथम विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि यूरोप में बच्चों को जिस गरीबी का सामना करना पड़ रहा था, उससे वह भयभीत थीं और उन्होंने पर्चे बाँटकर जागरूकता फैलाने की कोशिश शुरू कर दी। उनके जुनून के कारण उन्हें गिर×फ्तार कर लिया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन जज उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका जुर्माना खुद ही भर दिया।

जिनेवा में एक बाल सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें जेब ने बाल अधिकारों की घोषणा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि बच्चे को उसके सामान्य विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से। जो बच्चा भूखा है उसे भोजन दिया जाना चाहिए, जो बच्चा बीमार है उसे दूध पिलाया जाना चाहिए, जो बच्चा पिछड़ा है उसकी मदद की जानी चाहिए, अपराधी बच्चे को वापस लाया जाना चाहिए, तथा अनाथ और बेसहारा बच्चे को आश्रय और सहायता दी जानी चाहिए। संकट के समय सबसे पहले बच्चे को राहत मिलनी चाहिए। बच्चे को आजीविका कमाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे हर प्रकार के शोषण से बचाया जाना चाहिए। बच्चे को इस चेतना के साथ बड़ा किया जाना चाहिए कि उसकी प्रतिभाएं उसके साथियों की सेवा के लिए समर्पित होनी चाहिए। दुनिया भर में बच्चों की दुर्दशा के बारे में भावुकतापूर्वक बात करते हुए उस समय उजागर की गयी ये बातें आज भी अधिक प्रासंगिक बनी हुई है। इसलिये सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की अपेक्षा है।



भारत के सन्दर्भ में सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने की जरूरत है। भारत में कई ऐसे बड़े नेता और दिग्गज लोग हुए हैं, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम जग–जाहिर है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दोनों दिग्गजों ने बच्चों के हित में व्यापक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शानदार व्यक्तित्व और हर उम्र के लोगों से जुड़ने के लिए जाने जाते हैं। बच्चों के प्रति उनका स्नेह कुछ खास है। नेहरू की ही भांति उन्हें भी बच्चों का प्रेमी कहा जा सकता है। आज वे एक विश्वनेता के रूप में उभरे हैं, अतः उन्हें देश एवं दुनिया के बच्चों के कल्याण के लिये कोई बड़ा उपक्रम करना चाहिए। विशेषतः भारत के बच्चों के लिये। क्योंकि भारत में बच्चों के शोषण, उत्पीड़न, दुर्दशा, हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोदी बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। वे बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देख रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का जैसा पालन–पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन भारत का यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे, शोषण, बाल–मजदूरी एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन डरावना एवं भयावह हो गया है। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह और ऐसे अनेक प्रश्न सार्वभौमिक बाल दिवस की भारत के सन्दर्भ में प्रासंगिकता को उजागर करते हुए हमें झकझोर रहे हैं।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई–लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। बचपन की उपेक्षा एक अभिशाप है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4–5 से लेकर 12–14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा–सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने–पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर 'हमें क्या लेना है' कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है। इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं।

सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ–सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा–पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अतः शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए। मोदी सरकार सार्वभौमिक बाल दिवस जैसे आयोजनों को भारत में अधिक प्रभावी तरीके से आयोजित करें, सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। ऐसा करके ही हम सार्वभौमिक बाल दिवस को मनाने की सार्थकता हासिल कर सकेंगे। इसी से मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर कर सकें।

# बच्चों के अधिकारों का हो सम्मान



योगेश कुमार गोयल

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। इस वर्ष यह दिवस 'प्रत्येक बच्चे के लिए, प्रत्येक अधिकार' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देता है कि सभी बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण सहित उनके मौलिक अधिकारों तक पहुंच हो। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 190 से ज्यादा देशों में मनाया जाता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग–अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग–अलग देशों के बच्चे एक–दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वीके कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरुआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में 11 जनवरी को ट्यूनिशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरा रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथा रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

बहरहाल, अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस पर हमें यह समझने का अवसर प्रदान करता है कि बच्चों का भविष्य उनके आज पर निर्भर करता है, जिसके लिए हमें ही यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बालश्रम और शोषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, बच्चों को उनकी प्रतिभा को निखारने के पर्याप्त अवसर मिलें, उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और पोषित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। भारत में बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए कई कानून और योजनाएं लागू हैं, जिनमें बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम 1986, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, पॉक्सो एक्ट 2012 प्रमुख रूप से शामिल हैं। मिड–डे मील योजना और आंगनवाड़ी सेवा जैसी योजनाएं भी बच्चों के पोषण और शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अपनी–अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा भले ही अलग–अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# दिल्ली और उसके उपनगरों में वायु गुणवत्ता का संकट, कार्रवाई का आह्वान



मनतार सिंह

दिल्ली और उसके आसपास का राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) बड़े लंबे समय से बिगड़ती हुई वायु गुणवत्ता के गंभीर मुद्दे से जूझ रहा है। हर सर्दियों में, दिल्ली शहर धुंध की प्रदूषित चादर में डूबा रहता है, जिससे लाखों लोगों की जान को खतरा होता है। नवंबर 2024 तक, दिल्ली के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) लगातार 400 से ऊपर रहा है, जो प्रदूषण के "गंभीर" स्तर का संकेत देता है। मानवीय गतिविधियों और भौगोलिक कारकों के संयोजन में निहित यह मुद्दा तत्काल और निरंतर हस्तक्षेप की मांग करता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार सर्दियों के महीनों के दौरान दिल्ली का एक्यूआई अक्सर 400 से अधिक हो जाता है, आनंद विहार और जहांगीरपुरी जैसे क्षेत्रों में एक्यूआई 500 से अधिक दर्ज किया जाता है, जो खतरनाक है। गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम जैसे पड़ोसी शहरों में अक्सर समान या बदतर स्तर दिखाई देते हैं। स्वास्थ्य पर प्रभाव की दृष्टि से देखा जाये तो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का अनुमान है कि खराब वायु गुणवत्ता सालाना 16.7 लाख से अधिक लोगों की समय से पहले मौतों का कारण बनती है। अकेले दिल्ली में ही श्वसन संबंधी बीमारियों के हजारों मामले हैं, जो धुंध के इस मौसम में बढ़ जाते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (उरए) की 2023 की एक रिपोर्ट में दिल्ली के प्रदूषण के स्रोतः के रूप में वाहन उत्सर्जन (28%), औद्योगिक गतिविधियों (30%), निर्माण संबंधी धूल (15%), पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने (15–20%) और घरेलू उत्सर्जन सहित अन्य स्रोतों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।



दिल्ली में त×करीबन 1 करोड़ 20 लाख से अधिक पंजीकृत वाहनों से वायु प्रदूषण की सरासर मात्रा नाइट्रोजन डाइऑक्साइड (ठड2) और पार्टिकुलेट मैटर (ढट 2.5 और ढट10 ) उत्सर्जन में महत्वपूर्ण योगदान देती है। इसके अलावा औद्योगिक उत्सर्जन के द्वारा दिल्ली और उसके आसपास के कारखाने सल्फर डाइऑक्साइड (रड2) और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (श्डउ२) जैसी हानिकारक गैसों का उत्सर्जन करते हैं जो हवा की गुणवत्ता को और खराब करते हैं।अनियंत्रित भवन निर्माण गतिविधियाँ भारी मात्रा में निर्माण और धूलकण पदार्थ छोड़ती हैं। धूल–नियंत्रण उपायों के लिए सरकारी आदेश के बावजूद इसका अनुपालन बहुत ही कम देखने को मिला है। अक्टूबर और नवंबर के दौरान, पंजाब और हरियाणा में किसान फसल के अवशेषों , पराली को जलाते हैं, जिससे वायुमंडल में भारी मात्रा में ढट 2.5 निकलता है। भौगोलिक कारण से हवा के पैटर्न इस पराली धुएँ को दिल्ली तक ले जाते हैं, जिससे स्थिति बिगड़ जाती है। एक और भौगोलिक कारक होता है जिससे दिल्ली, जो सब तरफ से भूमि से घिरी होने के कारण ,वास्तु स्थिति प्रदूषण को बढ़ाती है। सर्दियों के दौरान तापमान में गिरावट प्रदूषकों को निचली स्तर की हवा के द्वारा भूमि के पास संगठित कर देती है।

दिल्ली के वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभाव गंभीर हैं। सर्दियों के दौरान श्वसन संबंधी बीमारियाँ जैसे, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जाती है। लंबे समय तक वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने से दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। एम्स दिल्ली द्वारा संज्ञानात्मक प्रभाव विषय पर वर्ष 2022 में किये गए एक अध्ययन में ढट 2.5 के दीर्घकालिक संपर्क से दिल्ली के बुजुर्ग निवासियों में इसके चलते संज्ञानात्मक प्रभाव पाया गया था । यूनिसेफ की 2023 की एक रिपोर्ट में दिल्ली में लगभग 35% बच्चों में खराब वायु गुणवत्ता के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों से संबंधित बीमारियों के लक्षण दिखाई दिए गए थे।

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) 2017 में शुरू किया गया था। जीआरएपी के तहत निर्माण गतिविधियों को रोकने, वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करने और गंभीर प्रदूषण के समय कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को बंद करने जैसे उपायों को अनिवार्य किया गया था । परन्तु अभी हाल में दिल्ली की बिगड़ती वायु गुणवत्ता के जवाब में 18 नवंबर, 2024 से दिल्ली और उसके उपनगरों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) का चरण 4 लागू किया गया है, जो एक्यूआई स्तर 450 से अधिक के साथ "गंभीर–प्लस" श्रेणी में पहुंच गया है। चरण 4 , राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से उपायों के सबसे कड़े कानूनों का प्रतिनिधित्व करता है।

जीआरएपी–4 के तहत वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाता है। आवश्यक सेवाओं और आपातकालीन वाहनों को छोड़कर, बीएस–श्क मानदंडों का पालन नहीं करने वाले डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाता है। दिल्ली में प्रवेश करने वाले सभी मध्यम और भारी ट्रकों को रोका जायेगा जब तक कि वे एल.एन.जी. या सी.एन.जी. या विद्युत ऊर्जा द्वारा संचालित न हो। निजी डीजल और पेट्रोल कारें तब तक प्रतिबंधित हैं जब तक कि वे बीएस–श्क मानदंडों का पालन नहीं करती हैं। दिल्ली एवं इसके आसपास चल रही निर्माण परियोजनाओं सहित सभी निर्माण और विध्वंस कार्य पूरी तरह से रोक दिए गए हैं। गैर–आवश्यक औद्योगिक गतिविधियों को निलंबित कर दिया गया है। वाहनों की आवाजाही को कम करने के लिए निजी कार्यालयों और सरकारी कर्मचारियों के लिए कार्यबल समायोजन योजना के अंतर्गत घर से 50% काम करने की नीति को प्रोत्साहित करना। आज खबर मिली है कि दिल्ली के स्कूल भी बंद किये जा रहे हैं। सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए मेट्रो और बस की आवृत्ति में वृद्धि तथा पटाखों की बिक्री और फोड़ने पर प्रतिबंध पूरे एनसीआर में लागु किया गया है।

इन चुनौतियों के बावजूद, ये उपाय दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को दूर करने के लिए आवश्यक हैं, जो श्वसन संबंधी बीमारियों और हृदय संबंधी जटिलताओं सहित गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। प्रदूषण में महत्वपूर्ण कमी लाने के लिए निरंतर निगरानी और सख्त प्रवर्तन महत्वपूर्ण है। सम–विषम वाहन योजना समय–समय पर लागू की जाती है, लाइसेंस प्लेट संख्या के आधार पर निजी वाहन के उपयोग को प्रतिबंधित करती है। हालांकि इसने प्रदूषण के स्तर में अस्थायी कमी दिखाई है। आलोचकों का तर्क है कि यह एक स्थायी समाधान नहीं है। पराली जलाने के खिलाफ पहल करके अवशिष्ट प्रबंधन के लिए सब्सिडी वाली मशीनरी और किसानों के लिए नकद प्रोत्साहन जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, लेकिन व्यापक रूप से इसे अपनाना मुश्किल है।सरकार ने वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों के नेटवर्क का विस्तार किया है और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्त जुर्माना लगाया है।

हम अपने सार्वजनिक उत्तरदायित्व और जीवन शैली में परिवर्तन कर अपनी भागीदारी से भी सरकारी प्रयास को महत्वपूर्ण बना सकते हैं। हम अपने निजी वाहनों के उपयोग को कम कर, वाहनों के उत्सर्जन को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग या साइकिल चलाने का विकल्प चुनें।विद्युत या सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल करें जिससे स्वच्छ ईंधन का उपयोग हो और उत्सर्जन कम हो। हरित प्रथाओं को अपनाना जैसे , पेड़ पौधे लगाना, ऊर्जा–कुशल उपकरणों का उपयोग करना और अपशिष्ट जलाने से बचना इत्यादि स्वच्छ हवा के वातावरण में योगदान कर सकता है। लोगों को मध्य जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ हवा की मांग पर जागरूक बनाएं और उन्हें नियम पालन के प्रति निष्ठावान होने में शामिल करें। औद्योगिक उत्सर्जन को कम करने के लिए कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से बदलना आवश्यक है। व्यापक सार्वजनिक परिवहन के जरिये मेट्रो और बस नेटवर्क के विस्तार से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है। जैव–अपघटकों और फसल विविधीकरण जैसे सतत कृषि विकल्पों को बढ़ावा देने से पराली जलाने को कम किया जा सकता है। शहरी नियोजन के क्षेत्र में शहरी स्थिरता के लिए हरित क्षेत्र सुनिश्चित करना, ऊर्ध्वाधर उद्यानों को बढ़ावा देना और अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों में सुधार करना महत्वपूर्ण है।

वैसे देखा जाये तो दिल्ली और उसके उपनगरों में वायु गुणवत्ता संकट एक जटिल समस्या है जो आने वाले समय में पुरे भारत में ही व्यापक रूप धारण कर ले सकती है। इस समस्या पर बहुआयामी समाधान की आवश्यकता है। सरकार को मजबूत नीतियों को लागू करना चाहिए और प्रवर्तन सुनिश्चित करना चाहिए। इसमें व्यक्तियों, उद्योगों और जन समुदायों की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। जागरूकता, सामूहिक कार्रवाई और स्थायी प्रथाएं वर्त्तमान समय की माँग हैं। दिल्ली और उसके उपनगरों में स्वच्छ वायु के लिए लड़ाई केवल प्रदूषण का मुकाबला करने के बारे में नहीं है अपितु यह पूरे भारत में वर्तमान और आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए सांस लेने के अधिकार को और अधिक सुरक्षित करने के बारे में भी सहायक सिद्ध होगा।

संक्षिप्त समाचार

## स्क्वैश में क्षमाक्षी जैन ने जीता सिल्वर



**चमकता राजस्थान। जयपुर 19 नवंबर ।** गुड़गांव में आयोजित आई एस एस ऑ स्क्वैश नेशनल गेम्स चैंपियनशिप 2024 हरियाणा में जयपुर की क्षमाक्षी जैन ने गर्ल्स अंडर 17 वर्ग गर्ल्स टीम इवेंट्स में सिल्वर पदक जीता ।

कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि (रिद्धि प्रधान, यशवी जैन,) क्षमाक्षी जैन ,जयश्री परिवाल ग्लोबल स्कूल 11 वी क्लास की स्टूडेंट है और क्वार्टर फ़ाइनल वॉकओवर मिला सेमी फ़ाइनल मे दिल्ली की लांसर्स इंटरनेशनल को 2-0,से हराया और फ़ाइनल में धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल, मुम्बई से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा और सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

## लोकेंद्र सिंह रहीमपुर राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** राष्ट्रीय किसान यूनियन अराजनैतिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल तोमर एवं संगठन मंत्री अर्जुन सिंह और राजस्थान प्रभारी डॉ नरेश मदेरणा के निर्देश अनुसार कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए,लोकेन्द्र सिंह रहीमपुर को प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष के पद मनोनीत किया गया है। अपने क्षेत्र के किसान भाइयों को समस्या के लिए संघर्षरत रहते हुए उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरन्तर प्रयास करते हुए राष्ट्रीय किसान यूनियन की लोकप्रियता को किसानों में बनाएं रखेंगे। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह रहीमपुर ने शीर्ष राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया है।



पीडब्ल्यूडी की समीक्षा बैठक

# प्रदेश की डेमेज सड़को को विश्वस्तरीय बनाना हमारी प्राथमिकता है : उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी

## कामों को गति देने और निरीक्षण के लिए फिल्ड में रहने के निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर 19 नवंबर ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश में नई सड़कों के साथ डेमेज सड़को को विश्व स्तरीय बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होनें कहा की अधिकारी यह तय कर ले की अगले एक वर्ष में हम मौजूदा नोन पेचेबल और परमानेंट टूटी सड़को को ठीक करवाकर उन्हें विश्व स्तरीय बनायेगे। उन्होनें कहा यदि हम सब ने मिलकर इस काम को शत प्रतिशत सफल कर दिया तो यह आम जन के लिए बहुत बडी साहूलियत होगी। उपमुख्यमंत्री मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित सार्वजनिक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थी।



### नियमित फिल्ड विजिट करें

उन्होनें कहा कि नीचे से लेकर उपर तक के सभी अधिकारी पूरा फोकस सड़कों की गुणवत्ता पर केंद्रित करें। इसके लिए नियमित फिल्ड विजिट कर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें और यदि कही कमी पाई जाती है तो उस पर कठोर एक्शन ले । उन्होनें कहा कि जब मैं स्वयं और उच्च अधिकारी फिल्ड में जा सकते है तो अन्य अधिकारी फिल्ड में क्यों नही जा रहे है। उन्होनें निर्देश दिए कि अधिकारी नियमित फिल्ड विजिट करेंगे और साप्ताहिक रिपोट प्रस्तुत करेंगे।

### सेवा ऐप से गुणवत्ता सुधरी

उपमुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी सेवा ऐप लॉचिंग के बाद सड़कों की गुणवत्ता में हुए सुधार की सराहना करते हुए कहा की हमें इस ऐप को शत प्रतिशत रूप से प्रभावी बनाना है। गौरतलब है कि इस ऐप पर निरीक्षण करने वाले अधिकारी सड़क की गुणवत्ता खराब पाई जाने पर उस की रियल टाईम फोटो अपलोड करते है और सवेंदको को सुधार के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सुधार करके सुधारे गए काम की फोटो अपलोड करनी होती है। इस दौरान जयपुर रिंग रोड, ग्रीन फिल्ड एक्सप्रेस वे, अजमेर रोड, खाटू श्याम जी मंदिर रिग रोड सहित विभिन्न प्रोजेक्टस की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान राज्य मंत्री मंजू बाघमार, प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता, सचिव डी आर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टीसी गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

### काम की गति बढाये, इंटर डिपार्टमेंटल मुद्दो के समाधान के लिए नियमित बैठक करें

उपमुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं, एनएचएआई, आरएसआरडीसी, आरएसएचए, सीआरआईएफ सहित विभिन्न प्रोजेक्ट्स की गति बढ़ाने और कार्यों को समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि यदि इंटर डिपार्टमेंटल मुद्दो की वजह से प्रोजेक्टस को पूरा करने में समय लग रहा है तो विभाग के सम्बंधित अधिकारी अन्य विभागों के साथ नियमित वार्ता करके उन प्रकरणों का निस्तारण करवायें ताकि आमजन को प्रोजेक्टस का समय पर लाभ मिल सके।

## प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई

चमकता राजस्थान

वैर (राजवीर सिंह) देश के लोकतंत्र को अपना बलिदान देकर जिंदा रखने वाली आयरन लेडी,भारत रत्न,देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री,कुशल प्रशासक श्रीमती इंदिरा गांधी जी की 107 वी जयंती डाक बगला वैर में मनाई गई इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष शुगर सिंह यूथ कांग्रेस जिला महासचिव पुष्पेंद्र सिंह गोठरा, धारा मीना, मोहित गोयल, सलमान खान, हेमंत कसाना, विर्जेश पोहिया, मुनीम धाकड़, इकलास खान, पुष्पेन्द्र वेर आदि पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



राजस्थान पर्यटन ने जीते दो प्रतिष्ठित पुरस्कार

# हमारा लक्ष्य राजस्थान में विदेशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या बढ़ाना है: उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

## राज्य को 'फेवरेट लीज़र डेस्टिनेशन इन इंडिया' और 'फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स' पुरस्कार से नवाजा गया

चमकता राजस्थान

जयपुर 19 नवंबर । राजस्थान पर्यटन को कॉन्डे नेस्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवाड्र्स के दौरान दो प्रतिष्ठित श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया है। राज्य को 'फेवरेट लीज़र डेस्टिनेशन इन इंडिया' और 'फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स' पुरस्कार से नवाजा गया है। 'फेवरेट इंडियन स्टेट फॉर रोड ट्रिप्स' का अवार्ड राजस्थान को मिला है। जबकि फेवरेट लीज़र डेस्टिनेशन इन इंडिया' का रनरअप अवार्ड उदयपुर को मिला है।

पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि राजस्थान को दो अलग-अलग श्रेणियों में प्रतिष्ठित कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवाड्र्स 2024 प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न ट्रैवल मार्ट और प्रदर्शनियों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से वैश्विक स्तर पर राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता दृढ़ है। हमारा लक्ष्य राजस्थान में विदेशी और घरेलू पर्यटकों की संख्या बढ़ाना है।

पर्यटन विभाग के सचिव श्री रवि जैन ने इन पुरस्कारों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कॉन्डे नेस्ट ट्रैवलर रीडर्स ट्रैवल अवाड्र्स हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क स्थापित करता है। यात्रियों द्वारा चुने गए, ये पुरस्कार दर्शाते हैं कि राजस्थान वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर एक लोकप्रिय डेस्टिनेशन है। श्री जैन ने कहा कि राजस्थान पर्यटन को मिलने वाले पुरस्कार, प्रदेश पर्यटन के ध्येय वाक्य पधारो म्हारे देश को चरितार्थ करते हैं।



### जनवरी से सितम्बर तक

- **16817114 देशी व 875940 विदेशी पर्यटकों ने घूमा जयपुर, जोधपुर व उदयपुर–**

इस साल जनवरी से लेकर सितम्बर तक जयपुर, जोधपुर व उदयपुर घूमने आने वाले घरेलु पर्यटकों की संख्या एक करोड के पार जा चुकी है। बीते आठ महीने में 16817114 देशी पर्यटक राजस्थान के इन तीन जिले में पहुंचे। वहीं इन तीनों जिलों में विदेशी सैलानियों की संख्या आठ लाख के पार पहुंची, 875940 विदेशी पावणे जयपुर, जोधपुर व उदयपुर पहुंचे। राजस्थान में पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख जिलों जैसे जयपुर, जोधपुर व उदयपुर में घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या से अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजस्थान पर्यटन देसी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद है। इस साल जनवरी से लेकर सितम्बर तक जयपुर जिले में 8869703 घरे़लू पर्यटक आए वही विदेशी मेहमानों की संख्या 413401 रही। जोधपुर जिले में देश से 1786619 सैलानी आए वहीं विदेशी सैलानियों की संख्या 133806 रही। उदयपुर में 6160792 देशी पर्यटकों ने घूमा वहीं यहां आने वाले विदेशी पावणों की संख्या 328733 रही।

| महीना | जयपुर | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहर | | |
| पर्यटक | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी |
| जनवरी | 243500 | 454 | 997066 | 70691 |
| फरवरी | 223000 | 431 | 820281 | 96489 |
| मार्च | 271500 | 345 | 1132417 | 82657 |
| अप्रेल | 923000 | 0 | 599764 | 39835 |
| मई | 107000 | 53 | 399499 | 18533 |
| जून | 13000 | 40 | 508835 | 11779 |
| जुलाई | 281500 | 36 | 684395 | 22148 |
| अगस्त | 196000 | 50 | 647472 | 34347 |
| सितम्बर | 202000 | 17 | 619474 | 35496 |

| महीना | जोधपुर | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहर | | |
| पर्यटक | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी |
| जनवरी | 12400 | 280 | 293103 | 23508 |
| फरवरी | 15700 | 438 | 204282 | 29231 |
| मार्च | 15100 | 465 | 180642 | 29803 |
| अप्रेल | 14350 | 212 | 102936 | 11389 |
| मई | 13500 | 107 | 97796 | 3869 |
| जून | 12700 | 31 | 101513 | 1803 |
| जुलाई | 29900 | 106 | 110769 | 6246 |
| अगस्त | 32200 | 194 | 196379 | 15504 |
| सितम्बर | 194600 | 0 | 158749 | 10620 |

| महीना | उदयपुर | |
|---|---|---|
| | शहर | |
| पर्यटक | घरेलू | विदेशी |
| जनवरी | 953343 | 60251 |
| फरवरी | 600301 | 48329 |
| मार्च | 678454 | 51495 |
| अप्रेल | 431603 | 26531 |
| मई | 547663 | 26205 |
| जून | 577978 | 24803 |
| जुलाई | 697134 | 26556 |
| अगस्त | 808921 | 31816 |
| सितम्बर | 865395 | 32747 |

## स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

चमकता राजस्थान



**धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर, 19 नवंबर 24 को जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यकारी परिषद् और जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला परिषद् सभागार में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ओडीएफ प्लस ब्लॉकवार प्रगति, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, शौचालय निर्माण की स्थिति और आंगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण पर गहरी चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने सामुदायिक शौचालय निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए शौचालय निर्माण में तेज़ी लाने और निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, कचरा संग्रहण केंद्रों को प्रभावी रूप से संचालित रखने और उनमें सुधार करने के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए एन सोमनाथ ने गोवरधन परियोजना की समीक्षा करते हुए बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देने और योजना में प्रगति लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी (फिक्स्ड हेड टैंक कनेक्शन) के लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने समय पर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हर घर जल कनेक्शन योजना के तहत सड़कों की मरम्मत गुणवत्ता के साथ की जाए और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के बाद ही ठेकेदारों को भुगतान किया जाए। उन्होंने विभागों को जल कनेक्शन की लंबित सूची को शीघ्र पूरा करने के लिए त्वरित समन्वय और कार्यवाही करने का निर्देश दिया। बैठक में पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता मुकेश गर्ग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा, डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग, सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग देवेंद्र जांगल और अन्य विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक के दौरान जिले की प्रगति, योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय स्थिति और आगामी लक्ष्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## अज्ञात कारण छप्परपोश मकान में लगी आग, घरेलू सामान जलकर स्वाहा

चमकता राजस्थान



**नदबई,(राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बरौलीछार में सोमवार देर रात अज्ञात कारण आग लगने के चलते छप्परपोश मकान में आग लग गई। जिसके चलते छप्परपोश मकान में रखा घरेलू सामान जलकर बर्बाद हो गया। इससे पहले ग्रामीणों ने निजी डीपबोर की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, आग ने समीपवर्ती नोहरे में रखे ट्रैक्टर व कटर मशीन सहित पांच बीघा जमीन की कडबी को ले लिया। बाद में नगर पालिका दमकल की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन, इससे पहले घरेलू सामान सहित कडबी व ट्रैक्टर जलकर बर्बाद हो गया। विभागीय सूत्रों की मानें तो घीसा पुत्र नाहर सिंह के छप्परपोश मकान में अज्ञात कारण आग लग गई। जिसके चलते छप्परपोश मकान में रखा घरेलू सामान सहित समीपवर्ती नोहरे में रखी कडबी एवं ट्रैक्टर व कटर मशीन जलकर बर्बाद हो गई। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

# सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन को मिले लाभ : जिला कलक्टर

## डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी)19 नवंबर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में कलक्टर ने जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किराये के भवन में संचालित हो रही आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जल्द से जल्द सरकारी भवन मुहैया करवाने अथवा भवन हेतु भूमि आवंटन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने के साथ साथ स्कूल भवन एव छात्रावास के साथ-साथ स्वास्थ्य केन्द्रों हेतु भूमि आवंटन के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित करवाने एवं खोले गए रास्तों पर ग्रेवल रोड बनाने की आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिये। रास्ते संबंधी जो प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है उनका अनुतोष परिवादी द्वारा संबंधित न्यायालय से ही प्राप्त किया जा सकेगा।



जिला कलक्टर ने अधिकारियों को समस्त अटल सेवा केन्द्रों में बिजली कनेक्शन, ई-मित्र की सुविधा एवं शौचालय सुनिश्चित करने के साथ-साथ पीएम श्री विद्यालयों के नियमित निरीक्षण के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियां दुरुस्त रखने एवं अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।उन्होंने विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर राजकीय कार्यालयों के शौचालयों का निरीक्षण कर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना से आमजन को लाभांवित करने एवं समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद के दौरान किसानों को ग्रेडिंग के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये, ताकि अधिक से अधिक किसानों को उनकी फसल की उपज का वाजिब दाम मिल सके।बैठक में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्ति जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) कुंतल विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) सुमन पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) मुकेश कुमार मूंड सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्या एवं अधिकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। वहीं, समस्तर उपखण्ड अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधीशासी अधिकारी, ब्लाक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### रिलायंस फाउंडेशन और यूएन इंडिया के सम्मेलन में तटीय आपदाओं पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

- विभिन्न राज्यों और ग्लोबल साउथ के देशों के एक्सपर्ट्स हुए शामिल




**चमकता राजस्थान। भुवनेश्वर।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित कार्रवाई को मजबूत करने के लिए रिलायंस फाउंडेशन और संयुक्त राष्ट्र (इंडिया) ने ओडिशा में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का विषय था 'प्रारंभिक चेतावनी से त्वरित कार्रवाई झ्र बहु आपदा, बहु हितधारक दृष्टिकोणः तटीय पारिस्थितिक तंत्र से सीख', जिसमें विशेषज्ञों ने तटीय पारिस्थितिकी तंत्र की बारीकियों पर अपने अनुभव और सुझाव साझा किए।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओडिशा के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री श्री सुरेश पुजारी ने कहा, ''हम प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं। ओडिशा सरकार विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने का प्रयास कर रही है।''
रिलायंस फाउंडेशन के सीईओ श्री जगन्नाथ कुमार ने कहा, ''जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ती आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए सटीक चेतावनी की जरूरत है। हम समुदायों की सुरक्षा के लिए नई चेतावनी प्रणालियों को लागू कर रहे हैं।''
सम्मेलन का उद्देश्य जीवन और आजीविका की सुरक्षा के लिए बेहतर नीतिगत परिणामों पर कार्य करना है।

### पत्रकार सुरक्षा की माँग को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राज्य में आये दिन पत्रकारों के साथ मारपीट की घटनाओं की बढोतरी को लेकर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जनर्लिस्ट के जिला अध्यक्ष रामबाबू दीक्षित के नेतृत्व में जिला ईकाई द्वारा मुख्यमत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन में कहा गया है कि गत दिनों टोंक जिले के अलीगढ गांव में आपके मंत्री परिषद के सदस्य डॉ. किरोडी लाल मीणा की उपस्थिति में पीटीआई के रिपोर्टर अजीत सिंह शेखावत एवं उनके कैमरामेन धर्मेन्द्र के साथ कवरेज के दौरान भीड द्वारा उनको घेर कर मारपीट की गई और माइक कैमरा एवं मोबाइल तोड दिया और उसे जला दिया। इस पर शेखावत द्वारा डॉ0 किरोडी लाल मीणा से गुहार लगाई गई वमुश्किल कैमरामैन धर्मेन्द्र को भीड से छुडाया गया। इस घटना ने एक बार फिर पत्रकारों की सुरक्षा के मुद्दे को सामने खडा कर दिया है। पत्रकारों के साथ जिन लोगों द्वारा मारपीट की गई उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित कर राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जावे जिससे पत्रकार राज्य में निस्पक्ष एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निवर्हन कर सकें। संगठन ने पुरजोर अपील की है तथा राज्य में शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की माँग की है। इस मौके पर रघुवीर सिंह पुरन प्रकाश बंसल मदन लाल आदि पत्रकार मौजूद रहे

#### जयपुर की आम्रपाली ने रचा इतिहास

### 12 वीं बार मिलेगा सर्वाधिक निर्यात का पुरस्कार

**चमकता राजस्थान। जयपुर 19 नवंबर ।** जयपुर की प्रसिद्ध आभूषण निर्माता आम्रपाली एक्सपोर्ट्स को देश में फैशन ज्वेलरी के क्षेत्र में केंद्रीय सरकार की जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट्स प्रमोशन कौंसिल द्वारा प्रदान किया जाएगा ।
आम्रपाली के फाउंडर राजीव अरोड़ा व राजेश अजमेरा ने बताया की हमारी ज्वेलरी जयपुर की बेहतरीन कारीगरी और अनूठे डिज़ाइन के कारण विश्व प्रसिद्ध है जिसके प्रशंसकों में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों क्लिंटन ,बराक ओबामा और डॉनलैड ट्रम्प के परिवार ,इंग्लैंड की पूर्व महारानी एलेजाबेथ ,किंग चार्ल्स और डचेस ऑफ़ कैम्ब्रिज ,एंजेलिना जोली ,हैली बैरी ,दीपिका पादुकोण ,सोनम और किरण खेर जैसे सेलिब्रिटी शामिल हैं ।
ट्रॉय ,बाहुबली ,मणिकर्णिका और रामलीला जैसी बड़ी मूवीज़ की ज्वेलरी के निर्माता आम्रपाली को राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने पूर्व में भी कई बार सम्मानित किया गया है ।राजीव अरोड़ा के अनुसार ज्वेलरी निर्यात से जहां हज़ारों लोगों को रोज़गार मिलता है और देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी अर्जित होती है ।यह सम्मान समारोह आगामी ३० नवंबर को जयपुर में आयोजित किया जाएगा ,प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम अड़ानी कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे ।
आम्रपाली के क्रिएटिव डायरेक्टर तरंग अरोड़ा के अनुसार यह अवार्ड हमारे कारीगरों और डिज़ाइनर टीम को समर्पित है ,यह गौरव का विषय है कि फैशन और कॉस्ट्यूम ज्वेलरी के क्षेत्र में बारहवीं बार सर्वाधिक निर्यात का पुरस्कार मिलना एक रिकॉर्ड है और जयपुर के जवाहरात उद्योग के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है ।

# जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देशन में अमरसर पुलिस थाने करी प्रभावी कार्रवाई

## भैंसा (पाडा) चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**अमरसर! (खलील कुरैशी)** आनन्द शर्मा (आईपीएस) जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 20.09.24 को परिवादी राधेश्याम बावरिया पुत्र गोमाराम बावरिया जाति बावरिया उम्र 37 साल निवासी पालावात एसआर पैट्रोल पम्प के सामने बावरियो की ढाणी तन हनुतिया थाना अमरसर ने पुलिस थाना अमरसर पर रिपोर्ट पेश की कि दिनाक 19.09.2024 को रात मेरे मकान के सामने बंधे भैंसा (पाडा) को कोई चुराकर ले गया है। मैने मेरे भैसे को आस पास काफी तलाश किया लेकिन मुझे मेरा भैसा कहीं भी नही मिला। आदि रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।वारदात की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण रजनीश पूनियां व मुकेश चौधरी वृत्ताधिकारी वृत्त शाहपुरा के सुपरविजन में तथा रामावतार उ.नि.थानाधिकारी अमरसर के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनिकी सहायता द्वारा प्रकरण में पशु चोरी के वांछित अभियुक्तगण कमलेश व राजेश उर्फ गुल्यो को दस्तयाब किया जाकर आरोपीगणों को बाद अनुसंधान प्रकरण हाजा में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों से अनुसंधान जारी है।



### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण

» (01). कमलेश पुत्र रामसहाय जाति बावरिया उम्र 20 साल निवासी भुडला पुलिस थाना तुंगा जिला जयपुर ग्रामीण!(02). राजेश उर्फ गुल्यो पुत्र फूलचन्द जाति बावरिया उम्र 20 साल निवासी गोविन्दपुरा धाबाई पुलिस थाना शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण।

### पुलिस टीम का विवरण

» रामावतार उ.नि.थानाधिकारी अमरसर, जयराम स.उ.नि. राजेन्द्र कानि. 2136, रामस्वरुप कानि. 1443, राजकुमार कानि. 1815

### टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के तहत तंबाकू मुक्ति के लिए हुआ सुनीपुर शपथ ग्रहण समारोह




**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी, 19 नवंबर 24 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनीपुर में तंबाकू मुक्ति पर हुई शपथ ग्रहण, प्रभात संस्थान धौलपुर एवं युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन किया गया। प्रभात संस्थान के निदेशक राकेश कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य तंबाकू मुक्त, हर गांव से लेकर अपने जिले और राज्य से लेकर अपने देश को तंबाकू मुक्त बनाना है आने वाली पीढ़ी को तंबाकू की दुष्प्रभावों से बचाना है। राजस्थान में लगभग आधी आबादी युवाओं की है, क्षेत्रफल की दृष्टि से भी सबसे बड़ा राज्य है। धूम्रपान के दुष्प्रभाव के इन आंकड़ों के माध्यम से देख सकते हैं, कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 15 लाख मौत धूम्रपान की वजह से हो जाती है। और जो लोग धूम्रपान करने के बाद धुआ बाहर छोड़ते हैं। उसके प्रभाव से लगभग 1 लाख लोगों की मौत हो जाती है। अगर राजस्थान की बात करें, तो प्रत्येक दिन लगभग 200 मौतें हो जाती है। और साल भर में लगभग 80000 लोग धूम्रपान की वजह से अपनी जान गवा देते हैं। अध्यक्ष रामदास तरुण ने बताया कि विद्यालय से 100 गज की दूरी में गुटखा तंबाकू बेचना दंडनीय अपराध है। और अगर विद्यालय परिसर में या सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति धूम्रपान करते हुए, या बेचते हुए पाया जाता है, तो कानून के तहत 200 चालान कट सकता है। इस कार्यक्रम के मौके पर प्रधानाचार्य रामस्वरूप मीणा सुनीपुर ने सभी बच्चों को मीठी सुपारी , तंबाकू, बीड़ी .... या किसी भी प्रकार का धूम्रपान नहीं करने के लिए प्रेरित कियो महाराज सिंह मीणा, राम रतन मीणा, राकेश परमार, बनवारी लाल मीणा, धर्मेंद्र परमार, राकेश मीणा, बिरजू मीणा, गणेश सिंह मीणा, कन्हैया लाल बैरवा, पवन कुमार मीणा, संस्था स्टाफ राकेश कुमार, रामदास तरुण, राजेश, मनीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## कोटा शहर में साइबर थाना पुलिस की कार्वाई

# 47 लाख रुपये की हाइटेक साइबर ठगी का आरोपी शातिर ठग जयपुर से गिरफ्तार

## पुलिस को देख भाग रहे ठग को छतों पर पीछा कर पकड़ा , लोगों के अकाउन्ट हायर कर करते थे ठगी, सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए

चमकता राजस्थान

**जयपुर/कोटा!(खलील कुरैशी) 19 नवम्बर।** कोटा शहर की साइबर थाना पुलिस ने 47 लाख रुपए की हाईटेक ठगी के मामले में जयपुर के सांगानेर अंतर्गत देवास्यों की ढाणी निवासी शातिर ठग राजकुमार यादव पुत्र बोदूराम (24) को गिरफ्तार किया है। टीम को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने छतों पर पीछा कर पकड़ लिया। मामले में दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।सिटी एसपी डा० अमृता दुहन ने बताया कि 14 मार्च को महावीर नगर द्वितीय निवासी रामप्रकाश गोयल ने साइबर पुलिस थाना पर रिपोर्ट दी थी कि 20 दिसम्बर, 2023 को उसके व्हाट्सएप पर 208 स्टाक मार्केट वेल्थ क्रिएशन ग्रुप का लिंक आया। ग्रुप के एडमिन राजीव मेहता ने मुझे पैसे कमाने का झासा देकर वैन गार्ड नाम का एप डाउनलोड करवाया। राजीव ने एप में निवेश करने के लिए और ज्यादा प्रॉफिट का लालच देकर उससे 47 लाख 15 हजार 507 रूपये के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन करवा लिए।रिपोर्ट पर आईपीसी एंव आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के सुपरविजन एवं एसएचओ साइबर थाना विनोद कुमार आईपीएस के नेतृत्व में अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित विशेष टीम द्वारा आरोपियो के द्वारा साइबर ठगी में प्रयोग किये गये बैंक खातों , मोबाइल नम्बरों का रिकार्ड प्राप्त कर तकनीकी साधनों का प्रयोग करते हुये जयपुर से आरोपी राजकुमार यादव निवासी जयपुर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार यादव से साईबर ठगी की वारदातों के बारे में गहनता से अनुसंधान किया गया तो आरोपी ने साइबर ठगी के लिए अन्य लोगों के बैंक खाते खुलवाये जाकर व ठगी के लिए फर्जी बैंक खाते पैसो में खरीदकर आम लोगों से ऑनलाईन साईबर ठगी करके लाखों रुपयो की राशि बैंक खातो में ट्रांसफर करना व कैश विड्राल करना पाया गया है। थाना पुलिस ने मामले में इससे पहले तेजराम यादव व नफीस मोहम्मद निवासी मनोहरपुर जयपुर ग्रामीण को गिरफ्तार किया था। मुलजिम राजकुमार यादव ने अपने साथी तेजराम यादव व नफीस मोहम्मद से मिलकर लाखों रुपयो की ठगी की गयी है। आरोपी राजकुमार काफी समय से ठिकाने बदलकर छिपता फिर रहा था। पूर्व में भी अभियुक्त 03 बार पुलिस टीम को गच्चा देकर भागने में सफल हो गया था। आरोपी का कोर्ट से 2 दिन रिमाण्ड लेकर साइबर ठगी की राशि व घटना में शामिल अन्य साइबर ठगों के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल वजीर सिंह की विशेष भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के बाद पटना और लखनऊ सबसे ज्यादा प्रदूषित, मिजोरम में बह रही शुद्ध हवा

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर मंगलवार को खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। यह पिछले कई हफ्तों से बेहद खराब स्थिति में बना हुआ था।मंगलवार को जब दिल्ली के अधिकतर इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 500 के पार गया, तब बिहार की राजधानी पटना और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी वायु प्रदूषण कुछ कम नहीं था।दिल्ली के बाद पटना में एक्यूआई 350 और लखनऊ में 321 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में रहे।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, 0 से 50 एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को मध्यम, 301 से 400 बेहद खराब और 400 के पार को गंभीर श्रेणी में माना गया है।ऐसे में अहमदाबाद का एक्यूआई 110, बेंगलुरु का 128, भोपाल का 209, भुवनेश्वर का 137, चंडीगढ़ का 204, चेन्नई का 122, हैदराबाद का 121, जयपुर का 149, कोलकाता का 176 और रायपुर का एक्यूआई 128 है।

दिल्ली, पटना और लखनऊ को छोड़ दें तो अन्य शहरों की हवा भी मध्यम और खराब श्रेणी में है, लेकिन कुछ शहरों में बिल्कुल शुद्ध और साफ हवा बह रही है।पूर्वोत्तर भारत में मिजोरम की राजधानी आइजोल इस मामले में सबसे आगे है, जहां एक्यूआई हमेशा 50 से नीचे यानी अच्छा है।आइजोल का एक्यूआई 29, नगांव (असम) का 38, त्रिशूर (केरल) का 43, गुवाहाटी (असम) का 48, रामनाथपुरम (तमिलनाडु) का 48 और चामराजनगर (कर्नाटक) का 50 है।

### कर्नाटक के उडुपी में एएनएफ और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

- **नक्सली नेता विक्रम गौड़ा मारा गया**

**बेंगलुरु/एजेंसी।** कर्नाटक के उडुपी जिले के करकला तालुक स्थित कब्बीनाले गांव में सोमवार रात को नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली नेता विक्रम गौड़ा मारा गया। मुठभेड़ सीताम्बेलु इलाके में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी तलाशी अभियान के दौरान हुई, जब नक्सलियों और एएनएफ टीम के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। एएनएफ टीम ने यह अभियान एक नक्सल इकाई के संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद तेज किया था।

जानकारी के अनुसार, चिकमंगलूर जिले के जयापुरा पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में एक नक्सलियों की इकाई ने एक दूरदराज के घर का दौरा किया था। इसके बाद उन्होंने कोप्पा तालुक के येदागुंडा गांव में भी घुसपैठ की थी, जहां नक्सलियों ने वन अतिक्रमण और कस्तूरीरंगन रिपोर्ट से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की थी। इन रिपोर्ट्स को ध्यान में रखते हुए इलाके में नक्सल विरोधी अभियान को और तेज किया गया था।

सोमवार की रात पांच नक्सलियों का एक समूह कब्बीनाले गांव में किराने का सामान खरीदने के लिए घुसा था। जैसे ही वे गांव में घुसे, एएनएफ टीम से उनकी मुठभेड़ हो गई। गोलीबारी के दौरान नक्सली नेता विक्रम गौड़ा मारा गया, जबकि बाकी नक्सली फरार होने में कामयाब हो गए।

विक्रम गौड़ा का नाम कर्नाटका में सक्रिय नक्सल नेताओं में प्रमुख था। वह क्षेत्र में कई हिंसक घटनाओं में शामिल रहा था। एएनएफ और पुलिस की कार्रवाई में सफलता मिलते ही इलाके में नक्सल गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और तलाशी अभियान जारी है। पुलिस ने इस मुठभेड़ के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है, ताकि नक्सलियों के अन्य समूहों के सक्रिय होने की संभावना को रोका जा सके।

### वोटिंग से पहले कैश कांड में फंसे विनोद तावड़े, अब तक 3 एफआईआर, 9 लाख कैश जब्त

**मुंबई/एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के ठीक पहले नालासोपारा में हुए कैश कांड ने सियासी पारा चढ़ा दिया है. बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े पर पैसे बांटने के आरोप लगने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है. विपक्ष ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है, और चुनाव आयोग ने कार्रवाई करते हुए तीन एफआईआर दर्ज की हैं.

विनोद तावड़े ने इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है. उन्होंने इसे विपक्ष, विशेष रूप से महाविकास अघाड़ी, की साजिश बताया. उनका कहना है, मैं सिर्फ कार्यकर्ताओं से मिलने गया था. मैंने कोई गलत काम नहीं किया. यह साजिश मेरे नाम को बदनाम करने के लिए की गई है. पुलिस और चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए.

चुनाव से ठीक पहले नालासोपारा में 9 लाख 53 हजार 900 रुपये नकद जब्त किए गए. चुनाव अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह रकम बरामद हुई. महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी किरण कुलकर्णी ने बताया कि फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर परिसर की तलाशी ली. उन्होंने यह भी कहा कि जो भी आचार संहिता का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

अब तक इस मामले में तीन एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं. इनमें से दो मामलों में बीजेपी उम्मीदवारों का नाम है, जबकि एक एफआईआर में खुद विनोद तावड़े का नाम शामिल है. विपक्ष इसे बीजेपी की नैतिकता पर सवाल खड़े करने के लिए इस्तेमाल कर रहा है. एक एफआईआर में स्थानीय पार्टी बीवीए (बहुजन विकास अघाड़ी) का भी नाम है.

इस घटना ने विपक्ष को एक मजबूत हथियार दे दिया है. वोटिंग से ठीक एक दिन पहले यह मुद्दा चुनाव प्रचार का केंद्र बन गया है. महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होना है, और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे.

### थाइलैंड में 80 घंटे से फंसे एयर इंडिया के यात्री, दिल्ली आने वाली फ्लाइट की फुकेत में इमरजेंसी लैंडिंग


**नई दिल्ली/एजेंसी।** थाइलैंड के फुकेट में एयर इंडिया के यात्री करीब 80 घंटे से फंसे हैं। फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने के कारण उड़ान को रद्द कर दिया है। एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई377 को फुकेट से दिल्ली आना था। 16 नवंबर की रात दिल्ली फ्लाइट आनी थी लेकिन अभी तक नहीं आ पाई है। सूत्रों के अनुसार, 35-40 यात्री हैं अभी फुकेट में हैं, उन्हें आज शाम की फ्लाइट से रवाना किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी के चलते विमान को 6 घंटे देरी से उडने की घोषणा की गई। फिर बोर्डिंग शुरू हुई तो एक घंटे बाद यात्रियों को उतार दिया गया और फ्लाइट को रद्द करने की जानकारी दी गई। एयर इंडिया से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, 16 नववर को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन की वजह से विमान को उड़ाया नहीं गया था। 17 नवंबर को जब विमान को उड़ाया गया तो उसमें टेक्निकल इश्यू आ गया, जिसके कारण इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान ठीक नहीं हो पाया जिसके कारण दिक्कत हुई।

सभी यात्री को स्टे का इंतज़ाम किया गया और सभी के किराये वापस किए जाएंगे। सूत्रों ने कहा की कई यात्रियों को भेज दिया गया है। 35-40 यात्री फुकेट में हैं। उन्हें आज शाम की फ्लाइट से रवाना किया जाएगा।

# राजस्थान समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत प्रतापगढ पुलिस की बडी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

जयपुर/प्रतापगढ़,! (खलील कुरैशी) 19 नवंबर। राजस्थान समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 2006 राजभाषा के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर हार्डकोर बदमाश जैद खान पठान पुत्र आजम खान (23) निवासी अखेपुरा थाना प्रतापगढ़ को सोमवार को जिला कारागृह प्रतापगढ़ में निरुद्ध किया है।एसपी विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में जिले के हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही के अतंर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह व सीओ गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में एसएचओ दीपक बंजारा द्वा-



रा थाने के हार्डकोर अपराधी जैद खान पठान के खिलाफ राजपासा के तहत कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन दिया था। जिला कलक्टर अंजलि राजोरिया द्वा-रा प्रतिवेदन को स्वीकार कर

## हार्डकोर अपराधी जैद खान पठान को किया निरूद्ध

राजपासा के तहत निरूद्ध करने के लिए गृह विभाग से अनुमोदन शक्तियां प्राप्त कर जैद खान के निरूद्धी आदेश जारी किये।एसपी बंसल ने बताया कि हार्डकोर अपराधी जैद खान गंभीर अपराधिक कृत्यों में लिप्त हैं। इस पर मारपीट करने, लोगों को डराने धमकाने, असहाय व्यक्तियों की व विवादित सम्पतियों पर कब्जा करने, व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती वसूल करने, हत्या व अवैध हथियार रखने जैसे कुल 12 गंभीर प्रकृति के प्रकरण दर्ज है। जैद खान पठान थाना प्रतापगढ का हिस्ट्रीशीटर व जिला स्तरीय सर्वाधिक सक्रिय हार्डकोर अपराधी है। इसके द्वारा किये जा रहे गम्भीर आपराधिक कृत्यों के कारण क्षेत्र की लोक शान्ति व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। साथ ही हार्डकोर अपराधी की गतिविधियों और क्रियाकलाप लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने और साम्प्रदायिक सद्भाव बिगडने जैसी स्थितियां भी उत्पन्न हुई है। हार्डकोर अपराधी जैद खान का सम्पर्क अन्य कई शातिर अपराधियों से हैं।

# हेरिटेज नगर निगम में मनाया गया विश्व शौचालय दिवस

चमकता राजस्थान




**जयपुर।** विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष में नगर निगम,जयपुर हैरिटेज, सेंटरफॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च, यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें 150 सफाई कर्मचारियों और शहरी कच्ची बस्तियों के समुदाय के लोगों ने कार्यशाला में अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान अशोक पारीक, ( संयुक्त निदेशक, एसबीएम-ग्रामीण, राजस्थान) ने शौचालय की उपयोगिता के बारे में बताया कि राजस्थान में क्रॉस लर्निंग और नवीन प्रथाओं को साझा करने के लिए एक अच्छी पहल है। इसमें सभी स्वच्छता कर्मचारी सुरक्षित रहें और उन्हें बढ़ी हुई क्षमताओं और अधिक स्वच्छ समुदायों के साथ उनके सभी सामाजिक-आर्थिक अधिकार प्राप्त होने चाहिए, जिनके वे हकदार हैं।नगर निगम हेरिटेज उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा ने कहा कि हम पूरे विश्व में विश्व शौचालय दिवस मना रहे है। इसके साथ ही हमको यह समझना पड़ेगा कि हमारे दिन की शुरुआत शौचालय से ही होती है, ये अगर साफ और स्वच्छ रहेगा तो हमारा मन भी प्रसन्न रहेगा। उपायुक्त स्वच्छ सर्वेक्षण सरिता मल्होत्रा ने सभी को संदेश दिया कि अपनी सुरक्षा के लिए किट पहनकर ही कार्य करें, जिससे कि आप स्वस्थ रहेंगे तो देश स्वस्थ रहेगा। आप हमारे देश के सक्रिय योद्धा है। आप है तो देश, शहर, गली, हर घर साफ रहेगा। आपके बिना हम साफ और स्वच्छ देश की कल्पना भी नहीं कर सकते है। इस दौरान सी फार और यूनिसेफ के सहयोग से नगर निगम हेरिटेज ने 100 सफाई कर्मचारी और सीवर चैम्बर ऑपरेटर को पीपीई का वितरण किया।कार्यशाला का समापन करते हुए उपायुक्त स्वास्थ्य ने कहा है कि हमने जो भी इस कार्यशाला से सीखा है, उसको हम अपने दुसरे साथियों के साथ साझा करेंगे।

# जिला जयपुर प्रथम में शक्ति दिवस का आयोजन



चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम, 19 नवंबर** ' जिला जयपुर प्रथम में मंगलवार को शक्ति दिवस आयोजित किया गया। जिसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं की अनिमिया की स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन की जांच के साथ अनिमिया का उपचार किया गया और आयरन की टेबलेट्स का वितरण किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि राजस्थान को अनिमिया मुक्त करने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के साथ मिलकर माह के प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है।उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) जयपुर प्रथम डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों, उन महिलाओं व किशोरियों में अनिमिया की दर कम करने के लिए उनकी अनिमिया की स्क्रीनिंग व उपचार किया जाता है। इसमे बच्चों, किशोरी बालिकाओं, विवाहित महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनिमिया मुक्ति के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

# प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाएं एवं बालिकाएं सीख रही पेंटिंग की बारीकियां

## मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल सामर्थ्य योजना के तहत हो रहा आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 नवंबर।** पंचायत समिति सांगानेर ग्रामीण के मोहनपुरा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति कौशल सामर्थ्य योजना के तहत 6 दिवसीय बेसिक पेंटर कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश डोगीवाल ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशिक्षण



कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं को दीवार तथा लकड़ी एवं लोहे पर कलर करना सिखाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला अधिकारिता विभाग की अनोखी पहल है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त बालिकाएं एवं महिलाएं रंग-रोगन का कार्य कर सकेगी। इस मौके पर डॉ. डोगीवाल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को सशक्तिकरण की ओर अग्रसर होने हेतु उत्साहवर्धन किया साथ ही सभी को एक समूह के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

### दिल्ली में कोहरे का कोहराम, कम विजिबिलिटी के कारण 80 से ज्यादा ट्रेनें लेट

**नईदिल्ली/एजेंसी।** ट्रेनों के परिचालन पर कोहरे का असर जारी है। कम विजिबिलिटी के कारण मंगलवार को कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। दिल्ली आने-जाने वाली ट्रेनों पर काफी असर देखा जा रहा है। दिल्ली में भारी प्रदूषण के चलते यहां विजिबिलिटी कम है। यात्री सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों की देरी से चलने की लगातार शिकायत कर रहे हैं। बीते कुछ दिनों से कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

मंगलवार सुबह 7 बजे दिल्ली के कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 500 से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। दिल्ली का औसत एक्यूआई 494 रिकॉर्ड किया गया, जो इस सीजन में सर्वाधिक है। यानी राजधानी में आज सीजन की सबसे खराब हवा रही। कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ जाती है इसी के चलते ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कई ट्रेन सात से आठ घंटे लेट चल रही हैं।

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है और ऑनलाइन क्लासेज शुरू की जा रही हैं। हालांकि 10वीं और 12वीं के छात्रों को स्कूल जाने की इजाजत है, जिन्हें मास्क दिए जाएंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा था कि दिल्ली की सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है।

# रजनी सिंह रचनावली का लोकार्पण और साहित्यकार सम्मान समारोह, लव सिंह राठौड़ को सम्मानित किया गया

चमकता राजस्थान

**धौलपुर( रामदास तरुण)। राजाखेड़ा।** राष्ट्रीय कला संस्थान (ललित कला अकादमी), नई दिल्ली में शनिवार को उच्चतर शिक्षा और शोध केंद्र, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में रजनी सिंह की रचनावली (छह खंडों में) का लोकार्पण और साहित्यकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पुष्पलता तनेजा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र नाथ शर्मा




अरुण अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय के वरिष्ठ छात्र राजदूत और अरविंद महाविद्यालय के कला स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र लव सिंह राठौड़ को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ. रामशरण गौड़ ने की, और संयोजन चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. अमर सिंह वधान ने किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. अनीता वर्मा, प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ प्रोफेसर और साहित्यकार उपस्थित रहे। समारोह में देशभर और विदेशों से आए साहित्यकारों ने भी सहभागिता की। यह कार्यक्रम साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले साहित्यकारों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने दमोह में ''एक जिला-एक उत्पाद'' योजना की समीक्षा की




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 नवंबर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मध्यप्रदेश प्रवास के दौरान मंगलवार को दमोह जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कृषि और अन्य विभागों की समीक्षा बैठक में भाग लिया। इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों और किसान बंधुओं से संवाद स्थापित किया।बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने ''एक जिला-एक उत्पाद'' योजना के जमीनी क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है, ताकि क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिले और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त हों। एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत स्थानीय उत्पादों के बेहतर क्रियान्वयन और दमोह जिले में इसके सफल भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा भी की गई।

### अजमेर उत्तर में 7.65 करोड़ की लागत से होंगे सड़क व अन्य विकास कार्य

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अनुशंसा कर अज़मेर के विकास को दी नयी उड़ान

**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी) 19 नवम्बर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अनुशंसा पर अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 7.65 करोड़ रूपए के विकास कार्य करवाए जाएंगे। इनमें 2 करोड़ रूपए की राशि विधायक कोष एवं 5.65 करोड़ रूपए के कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा करवाए जाने हैं। इस



राशि से सड़क एवं अन्य विकास कार्य करवाए जाएंगे। नौसर घाटी मुख्य मार्ग से कोटड़ा मुख्य मार्ग वाया प्राइवेट बस स्टैण्ड तक 1.80 करोड़ रूपए लागत से सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसी तरह प्राधिकरण द्वारा पंचशील नगर ए ब्लॉक व ए ब्लॉक की विभिन्न सड़कों का निर्माण 3.85 करोड़ रूपए लागत से कराया जाएगा।

### बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शाहपुरा शहर स्थित बाबा गंगादास राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार मीना के निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ तथा गृह विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बैस्ट आउट ऑ×फ वेस्ट प्रतियोगिता आयोजित कि गया जिसमे छात्राओं द्वारा अनुपयोगी सामग्री का प्रयोग कर सुन्दर उपयोगी सजावटी सामग्री बनायीं गयी, जिनमें मूंगफली के छिलकों से वाल पेंटिंग, फ्यूज बल्ब को गणेश जी का रूप देना, खाली कैन से टैडी बेयर बनाना शामिल रहा। निर्णायक मंडल में डॉ. पुनर्दत्त मीना, डॉ. लतिका एम पाण्डेय, डॉ. राकेश कपुरिया शामिल थे। प्रथम स्थान पर स्नातक कला प्रथम वर्ष की निधि अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर स्नातक कला द्वितीय वर्ष की प्रिया शर्मा, तृतीय स्थान पर कला द्वितीय वर्ष की पूजा प्रजापत रही। कार्यक्रम महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री ज्योत्स्ना एवं गृह विज्ञान सहायक आचार्य डॉ. पूजा आर्या की देखरेख में किया गया।

# ट्रेन के जनरल डिब्बों के यात्रियों को रेलवे की बड़ी सौगात, बिना रिजर्वेशन के भी सफर हुआ आधुनिक सुविधाएं से लैंस और आसान

## छह सौ जीएस कोच रेलवे के बेड़े में शामिल,आने वाले दो वर्षों में ऐसे दस हजार डिब्बों से लाखों यात्रियों का सफर बनेगा सुगम, रेलवे ने जो कहा, कर दिखाया

चमकता राजस्थान

जयपुर/नई दिल्ली (खलील कुरैशी) । रेलवे ने ट्रेनों में बिना रिजर्वेशन सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी सौगात देते हुए सामान्य श्रेणी के करीब छह सौ डिब्बों को अपने बेड़े में शामिल किया है जिससे भीड़ में सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। इतना ही नही, रेलवे अगले दो वर्षों में सामान्य श्रेणी के ऐसे दस हजार से भी ज्यादा कोच देशभर की ट्रेनों में जोड़ने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है जिससे जनरल डिब्बों में सफर करने वाले लाखों यात्रियों का सफर और भी सुगम हो जाएगा। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने मंगलवार को बताया कि सामान्य श्रेणी के यात्री रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इस श्रेणी के यात्रियों को अधिकतम सुविधा मुहैया कराने की दिशा में रेलवे विभिन्न दिशाओं में कार्य कर रहा है। इसके तहत बीते जुलाई से अक्टूबर के तीन माह के दौरान जीएस श्रेणी के कुल 583 नये कोचों का निर्माण किया गया। साथ ही इन नवनिर्मित कोचों को 229 नियमित ट्रेनों में जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इससे रोजाना हजारों अतिरिक्त यात्रियों को लाभ मिल रहा है। नवंबर माह तक जीएस श्रेणी के कुल एक हजार से ज्यादा नये कोच तैयार होकर रेलवे के बेड़े में जुड़ जाएंगे। इन्हें 647 नियमित ट्रेनों में जोड़ा जाएगा। इन डिब्बों के शामिल होने से रोजाना करीब एक लाख अतिरिक्त सवारी रेल यात्रा के सफर का लाभ उठा पाएंगे।

- **रेल यात्रा के प्रति आमजनों की बढ़ती रुचि के अनुरूप सेवाओं का विस्तार**

रेल यात्रा के प्रति आमजनों की लगातार बढ़ती रुचि और आकर्षण के मद्देनजर रेलवे भी तदनुरूप सुविधाओं के विस्तार को गति दे रहा है। इस क्रम में रेलवे ने बीते तीन माह में ही विभिन्न ट्रेनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) के करीब छह सौ नये अतिरिक्त कोच जोड़े हैं। ये सभी कोच नियमित ट्रेनों में जोड़े गए हैं। इतना ही नहीं, चालू नवंबर माह में जीएस श्रेणी के ऐसे एक हजार से ज्यादा कोच करीब साढ़े छह सौ नियमित ट्रेनों में जोड़ दिए जाएंगे।

### यात्री सुविधा के लिए रेलवे तेजी से कर रहा जनरल डिब्बों का निर्माण

सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधाओं के मद्देनजर नये जीएस कोचों का निर्माण तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में रेलवे के बेड़े में ऐसे गैर- वातानुकूलित सामान्य श्रेणी के 10 हजार से ज्यादा जीएस कोचों को शामिल कर लिया जाएगा। इनमें छह हजार से ज्यादा जीएस कोच होंगे, जबकि बाकी डिब्बे स्लीपर श्रेणी के होंगे।

### सभी जनरल कोच अत्याधुनिक एलएचबी होंगे

इतनी बड़ी संख्या में नॉन एसी कोचों के शामिल होने से सामान्य श्रेणी के करीब आठ लाख अतिरिक्त यात्री रोजाना रेल यात्रा का सफर कर पाएंगे। जीएस श्रेणी के ये नवनिर्मित तमाम कोच एलएचबी के होंगे । ये सफर को आरामदायक और सुविधाजनक बनाने के साथ-साथ सुरक्षित और द्रुत बनाने में भी मदद करेगी। पारंपरिक आईसीएफ़ रेल डिब्बों के मुकाबले ये नये एलएचबी कोच अपेक्षाकृत हल्के और मजबूत हैं। हादसे की स्थिति में इन कोचों में नुकसान भी कम से कम होगा।

# उप महानिरीक्षक कैलाश चन्द विश्नोई की सटीक मॉनीटीरिंग और उचित निर्देशन में नवीन अवैध कॉलोनियों पर लगातार प्रहार कर रहा जेडीए का पीला पंजा

## दो बीघा भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त





चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 नवम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-2 में निजी खातेदारी करीब 02 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विष्णोई ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम ठाठर, आमेर, बटुक भैरव मंदिर के पीछे, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन- द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-02 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वा-रा सम्पादित की गईप्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा माह अक्टूबर वर्ष 2024 से आज तक कुल 59 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर कैलाश चन्द्र बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित शिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्प लाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in &enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/ कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी दीन दयाल स्मृति व्याख्यान में शामिल



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान की ओर से बिरला सभागार में दीनदयाल स्मृति व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने कई मुद्दों पर अपने विचार रखे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी दीन दयाल स्मृति व्याख्यान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल हुई !

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि पिछले कुछ सालों से देश में संघ और हिंदुत्व के खिलाफ नरेटिव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा- देश में बढ़ता हुआ देशभक्ति का भाव, समाज में संघ के प्रति बढ़ता हुआ विश्वास और समाज में हिंदूत्व को जानने, पहचाने और उसके आधार पर जीने की इच्छा, इन लोगों को चुनौती लग रही है। इसलिए उन्होंने संघ और हिन्दूत्व के खिलाफ तीन तरह के मूवमेंट शुरू किए हैं। इसमें नरेटिव बेस्ड मूवमेंट के जरिए वो बहुत सारी बातें चिपका देते हैं और फिर प्रचार के माध्यम से आमजन के बीच ले जाते हैं। बहुत सारी बातें आपने सुनी होगी, जैसे संघ तिरंगे और संविधान का विरोध करता है। इसके लिए किसी आधार की आवशयकता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस काम में देश के बाहर की शक्तियां भी इनके साथ हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बिरला सभागार में एकात्मक मानवदर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के तत्वाधान में ₹वर्तमान वैचारिक परिदृशय एवं चुनौतियों₹ पर चर्चा को लेकर आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यान में सम्मिलित हुई।

इस अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा,भाजपा राजस्थान के अध्यक्ष मदन राठौड़,प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# ड्यूटी टाइम पूरा हो गया, पेरिस से दिल्ली आ रही फ्लाइट को जयपुर में ही छोड़कर भाग गए पायलट

## 9 घंटे तक फंसे रहे यात्री




नईदिल्ली/एजेंसी।

पेरिस से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट में सोमवार को एक अजीब स्थिति पैदा हो गई जब पायलट अपना ड्यूटी टाइम पूरा होने के चलते फ्लाइट जयपुर में ही छोड×कर चले गए। पायलट का कहना था कि उनके ड्यूटी आवर्स पूरे हो गए हैं। फ्लाइट में सवार 180 से ज्यादा पैसेंजर्स 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। इसके बाद में उन्हें सड×क मार्ग से दिल्ली भेजा गया। बता दें कि यह फ्लाइट एयर इंडिया की एआई-2022 थी, जो रविवार रात 10 बजे पेरिस से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। फ्लाइट का निर्धारित समय सुबह 10:35 बजे था, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान दिल्ली लैंड नहीं कर सका। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल के निर्देश पर पायलट ने फ्लाइट को जयपुर में लैंड किया, जहां वह दोपहर तक उड़ान के लिए क्लीयरेंस का इंतजार करते रहे। जब क्लीयरेंस मिलने में देरी हुई और पायलट का ड्यूटी टाइम खत्म हो गया, तो उन्होंने फ्लाइट को छोड़ दिया, जिससे विमान में सवार सभी यात्रियों को बिना किसी स्पष्ट समाधान के इंतजार करना पड़ा। नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया और वैकल्पिक फ्लाइट की मांग की, लेकिन एयरलाइंस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। 180 से ज्यादा पैसेंजर्स को करीब 9 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा। हालांकि इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से पैसेंजर्स की नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। इसके बाद कुछ पैसेंजर्स अपने निजी वाहनों से दिल्ली के लिए रवाना हुए। जबकि कुछ को एयरलाइंस कंपनी ने बस के माध्यम से दिल्ली भेजा।

## इस वर्ष जेजेएस में होंगे 1200 बूथ

# जयपुर में हुआ जेजेएस एग्जीबिटर्स मीट का आयोजन

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 19 नवंबर।** जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के लिए होटल जयपुर मैरियट में एक्जीबिटर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ज्वैलर्स उपस्थित रहे और शो को लेकर काफी उत्साहित नजर आए। इस वर्ष जेजेएस की थीम 'रूबीज... रेयर, रॉयल और रेवर्ड' है। यह मेगा ज्वैलरी इवेंट 20 से 23 दिसंबर तक जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में आयोजित किया जाएगा और इस वर्ष इसमें 1200 से अधिक बूथ्स होंगे। मीट में 300 से अधिक एग्जीबिटर्स ने भाग लिया जेजेएस




आयोजन समिति के चेयरमैन विमल चंद सुराना ने कहा कि जेजेएस ने अपने 22 वर्षों के सफर में एग्जीबिटर्स, आगंतुकों, विक्रेताओं और आयोजन समिति के सहयोग से उल्लेखनीय ऊंचाइयों को हासिल किया है। उन्होंने बताया कि जेजेएस में हर वर्ष अलग-अलग जेमस्टोन को प्रमुखता से प्रमोट किया जाता है। पिछले दो वर्षों में एमरल्ड पर फोकस करने के बाद, इस वर्ष रूबी पर फोकस रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2022 में शुरू किया गया ₹पिंक क्लब₹ जेजेएस की एक अनूठी विशेषता बन चुका है, जो पूरी तरह से इ2इ इंटरैक्शन के लिए समर्पित है। इस आयोजन के बारे में ज्वैलर्स को जागरूक करने के लिए विभिन्न शहरों में रोड शो आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक ये रोड शो लखनऊ, अमृतसर और अहमदाबाद में आयोजित किए जा चुके हैं।

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से कार्यक्रम का लेआउट और साथ ही एग्जीबिटर्स को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ट्रान्सपोर्टेशन, ज्वैलरी ट्रांसिट, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जब यह घोषणा की गई कि 20 वर्ष पहले जेजेएस के बूथों की संख्या 67 थी, जो इस वर्ष बढ़कर 1200 से अधिक हो गई है और जो अब तक की सबसे बड़ी संख्या है, तो वहां उपस्थित लोगों ने इसकी जबरदस्त सराहना की। यह पिछले वर्ष की तुलना में 10% की वृद्धि दर्शाता है। इस शो में लगभग 50,000 अंतरराष्ट्रीय और घरेलू आगंतुकों के शामिल होने की उम्मीद है। जैन ने यह भी बताया कि मिस इंडिया वर्ल्ड 2023, नंदिनी गुप्ता, इस वर्ष के आयोजन की ब्रांड एंबेसडर हैं। उन्होंने आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए जेजेएस द्वारा किए गए प्रचार और मीडिया प्रयासों पर भी विस्तार से प्रकाश डालाइससे पहले, जेजेएस के प्रवक्ता, अजय काला ने एग्जीबिटर्स का स्वागत किया और बताया कि जेजेएस ब्रांड की लोकप्रियता के कारण, रिपीट एग्जीबिटर्स बड़ी संख्या में आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दिसंबर माह जेजेएस का पर्याय बन गया है, जो अब आभूषण उद्योग के लिए सबसे प्रमुख नेटवर्किंग प्लेटफार्मों में से एक है। देशभर के ज्वैलर्स और ग्राहक दिसंबर शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। काला ने वर्ष 2003 से 2023 तक जेजेएस की सफल यात्रा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रीटेलर्स के साथ-साथ, यह शो विभिन्न ज्वैलरी इंस्टिट्यूट, पब्लिकेशन्स, युवा डिजाइनर्स और ज्ञान साझा करने की गतिविधियों से भरपूर होगा।मीट के दौरान एग्जीबिटर्स द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### संध्या ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ की शानदार गेंदबाजी, माइटी ने जीता मैच



**लखनऊ।** महिला क्रिकेट के लीग मैच में माइटी मारिनर्स ने फेयरलेस फाइटर्स को 80 रन से हरा दिया। इस मैच में माइटी मारिनर्स की आल राउंडर संध्या यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी के साथ ही तीन विकेट भी झटकीं। माइटी मारिनर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में चार विकेट गवांकर 192 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज नैनाशिखा ने 11 रन का योगदान दिया। वहीं दिव्यानी शर्मा ने सात चौकों की मदद से शानदार बल्लेबाजी करते हुए 93 बाल पर 72 रन बनायीं। महिमा शुक्ला शून्य पर ही पवेलियन लौट गयीं। वहीं टीम की कप्तान और आल राउंडर संध्या यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पांच चौकों की मदद से 32 बाल पर 40 रन बनाईं।

### द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए लसिथ की श्रीलंकाई टीम में वापसी



**कोलंबो।** इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए श्रीलंकाई टीम की घोषणा हो गई है। टीम में दो साल से अधिक समय के बाद लसिथ एम्बुलडेनिया की वापसी हुई है। मंगलवार को घोषित 17 सदस्यीय टीम का नेतृत्व धनंजय डी सिल्वा कर रहे हैं और इसमें नौ बल्लेबाज, तीन विशेषज्ञ स्पिनर और पांच तेज गेंदबाज शामिल हैं। श्रीलंका के लिए एम्बुलडेनिया के 17 टेस्ट कैप में से आखिरी जून 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था। वह प्रभात जयसूर्या के साथ टीम में दूसरे बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जिन्होंने सितंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका की 2-0 की सीरीज जीत में 18 विकेट लिए थे। सलामी बल्लेबाज ओशादा फर्नांडो भी लगभग एक साल बाद टीम में लौटे हैं, जबकि ऑफ स्पिनर रमेश मेंडिस को टीम में नहीं चुना गया है। पहला टेस्ट मैच 27 नवंबर को डरबन में और दूसरा टेस्ट मैच 5 दिसंबर से पोर्ट एलिजाबेथ में खेला जाएगा।

### टोटेनहम के मिडफील्डर बेंटानकुर पर नस्लीय टिप्पणी के लिए लगा सात मैचों का प्रतिबंध

**लंदन।** टोटेनहम के मिडफील्डर रोड्रिगो बेंटानकुर को इंग्लिश फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने अपने दक्षिण कोरियाई साथी सोन ह्युंग-मिन के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करने के लिए सात मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है और 100,000 पाउंड (126,000 अमेरिकी डॉलर) का जुमार्ना लगाया है। खिलाड़ी पर आरोप है कि उसने अपने देश में एक टीवी कार्यक्रम में नस्लीय टिप्पणी की थी, लेकिन चूंकि यह घटना उसके अपने समय में हुई थी, न कि उसकी राष्ट्रीय टीम के साथ, इसलिए उसे दंडित करना एफए के अधिकार क्षेत्र में आता है। निलंबन का मतलब है कि 27 वर्षीय उरुग्वे का अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैनचेस्टर सिटी, लिवरपूल और चेल्सी के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच नहीं खेल पाएगा। यह निलंबन केवल घरेलू मैचों पर लागू होगा।

### आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए शर्मिन, जहांआरा की बांग्लादेश टीम में वापसी



**ढाका।** आयरलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की एकदिनी सीरीज के लिए शर्मिन अख्तर और जहांआरा आलम की बांग्लादेश टीम में वापसी हुई है। इस बीच, ताज नेहर और संजीदा अख्तर को पहली बार वनडे टीम में शामिल किया गया है। शर्मिन इस साल की शुरूआत में टी20 विश्व कप से चूक गई थीं और उन्होंने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जुलाई 2023 में भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान खेला था। 28 वर्षीय शर्मिन ने 2011 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से 35 वनडे और 16 टी20 मैच खेले हैं। जहांआरा की बात करें तो वह बांग्लादेश की उन तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने कम से कम 50 महिला वनडे मैच खेले हैं। जहांआरा ने 52 मैचों में 30.39 की औसत से 48 विकेट लिए हैं।

# पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप : टास्क के तीसरे दिन भी स्पेन के डेविड टॉप पर

**धर्मशाला। एजेंसी**

धर्मशाला के नरवाणा में चल रहे धौलाधार पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप के चौथे दिन मंगलवार के प्रदर्शन के आधार पर पुरुष वर्ग में स्पेन के डेविड लगातार अपनी बढ़त बनाये हुए हैं। जबकि भारत के अक्षय दूसरे और नेपाल के अमन थापा तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

इसके अलावा कजाकिस्तान के चरमक चौथे और असम राइफल के राम शिंदे पांचवें स्थान पर जगह बनाए हुए हैं। वहीं महिला वर्ग में भारत की तरन्नुम ठाकुर पहले स्थान पर आ गई हैं, अलीशा कटोच दूसरे जबकि यूएसए की जीन तीसरे स्थान पर जगह बनाए हुए हैं। टीम कैटागिरी में फ्लाई स्काई टीम नरवाणा आगे चल रही है। वहीं टीम कजाकिस्तान दूसरे व टीम इंडिया तीसरे स्थान पर है।



नरवाणा पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के प्रवक्ता मुनीष कपूर ने बताया कि पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप में ओवरऑल कैटागिरी के विजेता को 1000 यूरो, इंडियन नेशनल कैटागिरी विजेता को 500 यूरो, जबकि टीम कैटागिरी को 600 यूरो का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं महिला वर्ग में पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल करने वालों को क्रमशः 50 हजार, 30 हजार व 20 हजार रुपये के पुरस्कार दिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रतियोगिता के चौथे दिन पायलटों ने नरवाण पैराग्लाइडिंग साइट के टेकआफ प्वाइंट से उड़ान भरी। मुनीष कपूर ने बताया कि एक्यूरेसी कप के दौरान टास्क के तीन दिन में 11 राउंड पूरे करवा लिए हैं, जिसके तहत हर प्रतिभागी तीन दिनों में 11 बार उड़ान भर चुका है। मंगलवार को हर प्रतिभागी के 3-3 राउंड पूरे करवाए गए। एक्यूरेसी कप में भारत, इंडियन आर्मी, एयरफोर्स, असम राइफल, स्पेन, कजाकिस्तान, नेपाल व यूएसए के पायलटस भाग ले रहे हैं।

#### आज पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप का समापन

पांच दिवसीय पैराग्लाइडिंग एक्यूरेसी कप का समापन बुधवार को होगा। समापन समारोह में धर्मशाला के विधायक एवं एडवेंचर स्पोटर्स फेडरेशन आफ हिमाचल प्रदेश सहित नरवाणा एडवेंचर क्लब के चेयरमैन सुधीर शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। समापन अवसर पर विभिन्न कैटागिरी के विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

## श्रीलंका के खिलाफ तेम्बा बावुमा की दक्षिण अफ्रीकी टीम में वापसी

**जोहानसबर्ग। एजेंसी**



तेम्बा बावुमा कोहनी की चोट से उबर चुके हैं और उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका अगले साल होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बावुमा ने 4 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला है, जब अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच के दौरान डाइव करते समय उन्हें चोट लग गई थी। परिणामस्वरूप वे लायंस के शुरूआती दो प्रथम श्रेणी मैचों में नहीं खेल पाए और गुरुवार से वांडरर्स में वेस्टर्न प्रोविंस के खिलाफ होने वाले तीसरे मैच में भी शामिल नहीं होंगे। शनिवार को वे डरबन जाएंगे, जहां पहला टेस्ट अगले बुधवार से शुरू होगा। कागिसो रबाडा भी टीम में वापस आ गए हैं, जिन्हें शुक्रवार को समाप्त हुई भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया था, मार्को जेनसन और गेराल्ड कोएट्ज़ी, जो भारत सीरीज में कंडीशनिंग ब्रेक से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लौटे थे, की भी टीम में वापसी हुई है। जेनसन और कोएट्ज़ी ने आखिरी बार जनवरी और दिसंबर में भारत के खिलाफ टेस्ट मैच खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका की घरेलू मैदान पर सबसे हालिया और डीन एल्गर की रिटायरमेंट से पहले की आखिरी सीरीज थी।

## बीसीसीआई सैयद मुश्ताक अली टी20 प्रतियोगिता के लिए हिमाचल टीम का चयन

- 23 को हिमाचल अरुणाचल प्रदेश के साथ अपना पहला मैच खेलेगा

**धर्मशाला। एजेंसी**

बीसीसीआई सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम का चयन कर लिया गया है। टीम की कमान एक बार फिर ऑलराउंडर ऋषि धवन को सौंपी गई है जबकि मयंक डागर को उप कप्तान बनाया गया है। 15 सदस्यीय इस टीम में ऋषि धवन और मयंक डागर के अलावा कंवर अभिनय शुभम अरोड़ा, एकांत सेन, मृदुल सरोच, आकाश वशिष्ठ, अर्पित गुलरिया, वैभव अरोड़ा, आयुष जमवाल, सुमित वर्मा, मुकुल नेगी, दिवेश शर्मा, प्रशांत चोपड़ा और अंकुश बैंस शामिल है। वहीं टीम के कोच की जिम्मेदारी अनुज पाल दास को दी गई है। उधर एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि 15 सदस्यीय यह टीम फिलहाल पहले दो मैचों के लिए चयनित की गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल को ग्रुप सी में रखा गया है।

टी-20 इस प्रतियोगिता के लिए 23 नवंबर को हिमाचल अरुणाचल प्रदेश के साथ अपना पहला मैच खेलेगा। 25 नवंबर को हिमाचल की भिड़ंत उत्तर प्रदेश के साथ होगी। 27 नवंबर को हिमाचल और झारखंड आमने-सामने होंगे। 29 नवंबर को हिमाचल और जम्मू कश्मीर की टीमें आपस में भिड़ेंगी। इसी तरह पहली दिसंबर को हिमाचल और दिल्ली के बीच मुकाबला होगा। तीन दिसंबर को हरियाणा और पांच दिसंबर को मणिपुर के खिलाफ हिमाचल अपने मैच खेलेगा।

## भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय पैडल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा ग्रेटर नोएडा का बेनेट विश्वविद्यालय

**ग्रेटर नोएडा। एजेंसी**

ग्रेटर नोएडा का बेनेट विश्वविद्यालय भारत के पहले अंतरराष्ट्रीय पैडल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। सीयूपीआरए एफआईपी टूर के अंतर्गत एफआईपी प्रमोशन इंडिया पैडल ओपन 21 से 24 नवंबर 2024 तक टाइम्स ग्रुप के बेनेट विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। यह टूर्नामेंट स्पेन, जापान, नीदरलैंड, फ्रांस, इटली और ईरान जैसे देशों के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की मेजबानी करेगा। टाइम्स ग्रुप, भारत की अग्रणी मीडिया कंपनी, और पैडल लीग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित और इंटरनेशनल पैडल फेडरेशन (एफआईपी) द्वारा स्वीकृत, यह टूर्नामेंट भारत के खेल कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पैडल एक रैकेट खेल है जिसमें टेनिस और स्क्वैश के तत्व शामिल हैं। यह आमतौर पर डबल्स में दीवारों से घिरे छोटे कोर्ट पर खेला जाता है। खिलाड़ी दीवारों से गेंद को खेल में बनाए रखने के लिए हिट कर सकते हैं, जिससे खेल में रणनीतिक आयाम जुड़ता है। पैडल का छोटा कोर्ट इसे शुरूआती खिलाड़ियों के लिए आकर्षक और सीखने में आसान बनाता है, जबकि दीवारों का उपयोग और रणनीतिक खेल इसे अनुभवी खिलाड़ियों के लिए रोमांचक बनाता है।




द टाइम्स ग्रुप के प्रबंध निदेशक विनीत जैन ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा हम अपनी प्रतिष्ठित बेनेट यूनिवर्सिटी में पहले एफआईपी इवेंट की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। यह आयोजन भारत में पैडल के विकास को तेज करेगा और खिलाड़ियों व प्रशंसकों को इस खेल की ओर आकर्षित करेगा। पैडल के पास भारत में प्रमुख खेल बनने और बुनियादी ढांचे व सुविधाओं में निवेश आकर्षित करने की अपार संभावनाएं हैं। हम इस आयोजन के सफल होने और भारत में ऐसे कई अन्य आयोजनों के पहले कदम के रूप में इसे देखने की उम्मीद करते हैं।

पैडल लीग प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक निदेशक और एफआईपी प्रमोशन इंडिया के टूर्नामेंट निदेशक आदित्य खन्ना ने कहा हमें एफआईपी प्रमोशन इंडिया को भारत लाने और यहां पैडल के विकास को बढ़ावा देने पर गर्व है।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए भारतीय महिला टीम घोषित, शैफाली बाहर, हरलीन की वापसी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय महिला चयन समिति ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए में 16 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है, जिसका नेतृत्व हरमनप्रीत कौर करेंगी। सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को बाहर कर दिया गया है, जबकि हरलीन देओल लगभग एक साल के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी कर रही हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलेगी। शैफाली ने इस साल छह मैचों में सिर्फ 108 रन बनाए हैं, जिसमें सबसे ज्यादा 33 रन हैं। चार अन्य खिलाड़ी - उमा छेत्री, दयालन हेमलता, श्रेयंका पाटिल



और सयाली सतघरे - को भी पिछले महीने अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की 2-1 घरेलू श्रृंखला जीत में खेलने वाली टीम से बाहर कर दिया गया है। देओल ने आखिरी बार दिसंबर 2023 में भारत के लिए खेला था। उन्हें इस सीजन में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था। पहले दो एकदिवसीय मैच क्रमशः 5 दिसंबर और 8 दिसंबर को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में आयोजित किए जाएंगे, श्रृंखला का आखिरी मैच 11 दिसंबर को वाका ग्राउंड, पर्थ में खेला जाएगा।

#### वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम :

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु , अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, साइमा ठाकोर।

## नडाल ने राष्ट्रीय टीम पर किया ध्यान केंद्रित

**मलागा। एजेंसी**

डेविस कप स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल के शानदार करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। 38 वर्षीय, 22 बार ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नडाल, चोटों के खिलाफ बढ़ती मुश्किल लड़ाई के साथ टूर्नामेंट के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। टूर्नामेंट से पहले नडाल ने सोमवार को एक खचाखच भरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा मैं यहां संन्यास लेने के लिए नहीं आया हूं। मैं यहां टीम को जीतने में मदद करने के लिए आया हूं। यह एक टीम प्रतियोगिता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम सभी को इस बात पर ध्यान केंद्रित करना है कि हमें क्या करना है - यानी टेनिस खेलना और इसे बहुत अच्छे से करना। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह अपनी भावनाओं को नियंत्रित कर पाएंगे, उन्होंने कहा भावनाएं अंत में होंगी। मुझे नहीं पताः यह ऐसा कुछ नहीं है जिसका मैं पूवार्नुमान लगा सकता हूं महत्वपूर्ण बात यह है कि



टीम की मदद करें, ध्यान केंद्रित करें और चीजों को अच्छी तरह से करें। हमारे प्रतिद्वंद्वी और परिस्थितियाँ बहुत कठिन हैं, और आपको जो करना है उस पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

नडाल ने कहा कि वह अपने रिटायरमेंट से पहले इस सप्ताह का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे पता है कि इसका मतलब मेरे जीवन में एक बड़ा बदलाव है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। स्पेन की टीम डेविस कप फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, और अगर वे जीत दर्ज करते हैं तो शुक्रवार के सेमीफाइनल में उनका सामना जर्मनी या कनाडा से होगा। स्पेन के कप्तान डेविड फेरर ने कहा कि उन्हें अभी तक नहीं पता कि नडाल खेलेंगे या नहीं। कप्तान ने बताया, कल आपको पता चल जाएगा। फिलहाल, मैंने यह तय नहीं किया है कि कौन से खिलाड़ी खेलेंगे।

## व्यापार

## कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती नजर आ रही है। कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद से ही छिटपुट बिकवाली के बीच खरीदारी का जोर लगातार बना रहा, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल में तेजी बनी रही। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.99 प्रतिशत और निफ्टी 1.01 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, टेक महिंद्रा, अडाणी पोर्ट्स और टाटा मोटर्स के शेयर 3.42 प्रतिशत से लेकर 2.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एचडीएफसी लाइफ, बजाज फिनसर्व, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई बैंक और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 0.80 प्रतिशत से लेकर 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,126 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 240 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 43 शेयर हरे निशान में और 7 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 208.99 अंक की मजबूती के साथ 77,548 अंक के स्तर पर खुला।

### सीसीआई ने मेटा कंपनी पर 213 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया कंपनी मेटा पर 213.14 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया। जुर्माना 2021 में व्हॉट्सएप की निजता नीति अद्यतन के संबंध में अनुचित व्यावसायिक तरीकों को अपनाने के लिए लगाया गया। सीसीआई ने कहा कि एक आदेश में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मेटा पर अपने प्रमुख स्थान का दुरुपयोग करने के लिए 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीआई ने 2021 गोपनीयता नीति अद्यतन के लिए मेटा कंपनी पर 213.14 करोड़ रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। नियामक ने इसे रोकने का निर्देश और विशिष्ट व्यवहार संबंधी उपाय भी दिए हैं। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मेटा को प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार को बंद करने और उनसे दूर रहने का निर्देश दिए है। सीसीआई ने प्रभुत्व का दुरुपयोग करने के खिलाफ आदेश पारित करते हुए कहा कि यह जुर्माना इस बात से जुड़ा है कि व्हॉट्सएप की 2021 की निजता नीति को कैसे लागू किया गया है।

## एनटीपीसी ग्रीन का आईपीओ खुला ग्रे मार्केट में इश्यू का फीका स्वागत

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन का 10 हजार करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया। हालांकि ग्रे मार्केट में इस शेयर को लेकर ज्यादा उत्साह नजर नहीं आ रहा है। ग्रे मार्केट में इस आईपीओ के अपर प्राइस बैंड पर 0.70 रुपये का प्रीमियम मिल रहा है। एनटीपीसी ग्रीन का 10 हजार करोड़ रुपये का ये आईपीओ इस साल लॉन्च होने वाला तीसरा सबसे बड़ा इश्यू है। इसके पहले हुंडई मोटर में भारतीय स्टॉक मार्केट के इतिहास का सबसे बड़ा 27,870 करोड़ रुपये का आईपीओ लॉन्च किया था, जबकि ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी 11,300 करोड़ रुपये का पब्लिक इश्यू लेकर आई थी। एनटीपीसी ग्रीन के आईपीओ में 22 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है।




आईपीओ के तहत 102 से 108 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 138 शेयर का है। इस आईपीओ का 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व है, जबकि 15 प्रतिशत नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए और 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व किया गया है। 22 नवंबर को क्लोजिंग होने के बाद 25 नवंबर को शेयरों का एलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 27 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग होगी। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 92,59,25,926 नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आम तौर पर खरीदारी का रुख बना हुआ है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी का रुख बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,893.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 102.77 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,782.89 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 109.75 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,499.35 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

# राजस्थान की राजनीति पाक-साफ और शुचिता की राजनीति, यहां कानून सम्मत और आदर्श आचरण पेश करने की प्रथा: रामलाल शर्मा

## भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने राजस्थान की राजनीति को शर्मसार करने वाले नेताओं के कृत्यों की निंदा की

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 19 नवंबर 2024।** भाजपा के पूर्व विधायक और प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया बाइट के दौरान राजनेताओं द्वारा कार्यपालिका को लेकर दिए जा रहे बयान की निंदा की और इसे अमर्यादित बताते हुए सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा समाज में अराजकता का माहौल बनाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कुछ नेताओं के बयान और उनके कृत्यों ने राजस्थान की राजनीति को शर्मसार करने का कार्य किया, यह सहन नहीं होगा, प्रदेश की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि आजादी के समय भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था लागू की गई। इसमें व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका बनाई गई लेकिन आज प्रदेश की राजनीति में कुछ राजनेता ऐसा कृत्य कर रहे है जो कानून सम्मत नहीं है, व्यवहारिक नहीं है, नीतिगत नहीं है, नैतिकता के अनुरूप नहीं है और यहां तक की मानवता के अनुरूप भी नहीं है। राजनीति में जनता के मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना, जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना नितांत आवश्यक है ,लेकिन राजनीति मुद्दों के आधार पर अपनी सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करना उचित नहीं है। राजस्थान की राजनीति में विगत दिनों में चार घटनाएं ऐसी घटित हुई जो प्रदेश की राजनीति को शर्मसार करती है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि कार्यपालिका के किसी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर लज्जित करना या उसके कार्य में बाधा डालना, बर्दाश्त नहीं होगा। बाडमेर के एक जनप्रतिनिधि ने सार्वजनिक मुद्दों में कानून हाथ में लेते हुए कार्य में बाधा डाली और उसकी रील बनाते हुए उसको सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए अधिकारियों का मनोबल डाउन करने का कृत्य किया। वहीं नागौर के एक नेता द्वारा यह कहना कि उसने एक ही मारा, मैं तो तीन चार थप्पड़ मारता, यह बयान राजस्थान की राजनीति के अनुचित है। इस प्रकार किसी राजनेता को व्यक्तिगत हमले करने का अधिकार कोई नहीं देता। तीसरी घटना देवली उनियारा में हुई जहां एक



प्रशासनिक अधिकारी पर हमला करना और उसकी रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई। इनकी इस घटना ने समाज के युवाओं को भावना में बहकाकर भड़काने का काम किया और आज समाज का युवा सड़कों पर उतर कर कानून का उल्लंघन कर रहा है। नेता को युवाओं के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए कि कानून ने नियमानुसार कार्रवाई की तो उनके साथ क्या होगा। वहीं एक राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े हुए राजनेता ने कहा कि जूते की नोंक पर कार्य करवाया जाएगा। इन नेताओं ने इस तरह के बयान जारी कर समाज में वैमनस्यता, द्वेषता पैदा करने के साथ लोगों को गुमराह करके मुद्दे से भड़काने का कार्य किया है।

भाजपा प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान की राजनीति पाक साफ रही है, एक शुचिता की राजनीति रही है। यहां के राजनेताओं ने मुद्दों के आधार पर, विचारधारा के आधार पर और सिद्धान्तों के आधार पर मुखर होकर राजनीति की है, लेकिन कभी भी किसी पर भी व्यक्तिगत लांछन लगाने का कार्य नहीं किया। आज दुर्भाग्यपूर्ण इस बात का है कि कुछ नेता अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए, अपने को बड़ा बनाने के लिए दूसरों पर इस तरह की टीका टिप्पणी कर रहे है, यह शोभनीय नहीं है। मेरा राजनेताओं से निवेदन है कि कृपा कर आप अपने शब्दों को मर्यादा में रहकर कहे, मर्यादा से बाहर जाकर बोले गए शब्द समाज में स्वीकार्य नहीं होंगे। कानून के दायरे के अंदर सबको जीने का अधिकार है, सबको अपनी बात करने का अधिकार है,विचारो की अभिव्यक्ति करने का अधिकार है, लेकिन विचारों की अभिव्यक्ति सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए की गई हो तो यह उचित नहीं है। इन नेताओं ने प्रदेश की राजनीति में आपसी सौहार्द, भाईचारा बिगाड़ने का प्रयास किया है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की मनाई जयंती

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा की अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि सर्वप्रथम स्व इंदिरा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए, तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने इंदिरा गांधी को आयरन लेडी बताते हुए उन्हें मां दुर्गा का अवतार भी बताया। सूपा ने कहा कि गांधी ने अपनी ताकत, प्रभाव एवं कार्यक्षमता की बदौलत देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत पहचान दिलाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूपा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का भी आवाहन किया। संगोष्ठी




में साहब सिंह एडवोकेट, सतीश सोगरवाल, जगदीश बंजी, रमेश धावई, राजीव कुम्हेर, गिरीश जौहरी सांसद प्रतिनिधि,हरस्वरुप शर्मा, श्यामसिंह गुर्जर आदि वक्ताओं ने इंदिरा गांधी के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने आधुनिक भारत के नवनिर्माण में महती भूमिका निभाई तथा अपने प्रभाव एवं कुशल प्रबंधन की विश्व में अमिट छाप छोड़ते हुए देश हित में अपनी जान की कुर्बानी दी। संगोष्ठी का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवान कटारा, दीनदयाल जाटव, पार्षद रामेश्वर सैनी, मनोज शर्मा, भारत गादोली, अजयपाल दारापुरिया, पार्षद मुकेश जाटव, हरीसिंह नागर, अशोक लवानिया, प्रेम प्रजापत, निरंजन जघीना,पार्षद चतर सैनी, शुभम सैनी, अवधेश शर्मा, दिगंबर खटाना, किशन जायसवाल, जीवनलाल शर्मा, नदीम मलिक, रमा, सुरेश पदयात्री, बृजेश सेवादल, उपेंद्र चंदेला, सुखदेव चौधरी, वीरेंद्र नागर, विमलेश, नीतू, नवल काका, जाकिर हुसैन, इंदुशेखर शर्मा, दिनेश सोगरवाल सहित अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि, आमजन का तुरंत कार्य करें अधिकारी:- डॉ विकास चौधरी



**चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक** /श्रीनगर -किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने अराई उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति स्तरीय जनसुनवाई की । सैकड़ो की संख्या में परिवादियों ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। विधायक डॉ विकास चौधरी ने अधिकारियों को चेताया कि इस लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है, मंत्रियों के घर पर धोक लगाने की बजाय आमजन को राहत दे एवं आपके कार्यालय में आए हुए प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समाधान तुरंत करें । विधायक चौधरी ने अधिकारियों को कहा कि सत्ताधारियों द्वारा आपको निर्देशित किया गया है कि सरकार का बदलाव दिखने चाहिए लेकिन आपको दिखाने की जरूरत नहीं है ,जनता को 11 महीने में पता चल गया है की सरकार बदल चुकी है इसलिए किसान को समय पर खाद एवं बिजली नहीं मिल रही है। गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है, मरीज को दवा नहीं मिल रही है सहित विभिन्न योजनाएं बंद करने की कगार पर है । इसके साथ ही विधायक चौधरी ने उपखंड क्षेत्र के विभिन्न कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए। इस दौरान विधायक डॉ विकास चौधरी के साथ जिला प्रमुख सुशील कवंर पलाड़ा, समाजसेवी भंवर सिंह पलाड़ा, प्रधान सीता शैतान पूनिया, जिला परिषद सदस्य गणेश गुर्जर, जिला परिषद सदस्य नाथु नुवाद, जिला परिषद सदस्य जगदीश गोरा, जिला परिषद सदस्य नंदा राम चौधरी, जिला परिषद सदस्य सुरज्ञान चौधरी सहित क्षेत्र के समस्त सरपंच गण, पंचायत समिति सदस्य एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ो की संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण पहल:

# सामान्य श्रेणी में 1000 नए कोच जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम

चमकता राजस्थान

नई दिल्ली संवाददाता। भारतीय रेलवे ने पिछले तीन महीनों में सामान्य श्रेणी (जीएस) में नवंबर तक 370 नियमित ट्रेनों में 1000 से ज्यादा जीएस कोच जोड़ने की योजना बनाई है। इस पहल से रोजाना लगभग एक लाख अतिरिक्त यात्री रेल यात्रा का लाभ उठा सकेंगे। रेलवे की यह पहल सामान्य श्रेणी के यात्रियों की बढ़ती संख्या और बेहतर यात्रा अनुभव को ध्यान में रखते हुए की गई है। इसके अलावा, आगामी दो वर्षों में रेलवे 10,000 से अधिक नॉन-एसी सामान्य श्रेणी के कोचों को अपने बेड़े में शामिल करने की योजना पर तेजी से काम कर रहा है, जिससे रोजाना लगभग 8 लाख यात्री और रेल यात्रा कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना व प्रचार) दिलीप कुमार ने बताया कि यह कदम सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए बेहतर और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य



से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि बीते जुलाई से अक्टूबर तक रेलवे ने 1000 नए जीएस कोच विभिन्न ट्रेनों में जोड़ने का काम तेज़ी से किया है, और नवंबर माह के अंत तक इनकी संख्या 1000 के पार होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि इन नए कोचों में अधिकांश एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच होंगे, जो पारंपरिक आईसीएफ कोचों से हल्के, मजबूत और अधिक सुरक्षित होते हैं। ये कोच यात्रियों के लिए न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि इनके डिजाइन के कारण सफर अधिक तेज़, सुरक्षित और कम जोखिम वाला बनता है। हादसों की स्थिति में इन कोचों से होने वाली क्षति भी पारंपरिक कोचों की तुलना में बहुत कम होगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा में भी वृद्धि होगी।

# सचिन पायलट ने महाराष्ट्र में पकड़ी गई बड़ी धनराशि को लेकर उठाए सवाल!

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए महाराष्ट्र में मतदान से पूर्व पकड़ी गई बड़ी धनराशि के मामले में कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि ₹महाराष्ट्र में इतनी बड़ी धनराशि का पकड़ा जाना यह दिखाता है कि मतदान से ठीक पहले ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इससे यह संदेह होता है कि इस पैसे का इस्तेमाल सत्ताधारी पार्टी ने चुनावों को प्रभावित करने के लिए किया होगा। यह स्पष्ट होना चाहिए कि कौन-कौन इस प्रक्रिया में शामिल थे और इसे किस तरह अंजाम दिया गया।

उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के बावजूद आयोग की निष्क्रियता चिंताजनक है। पायलट ने कहा, ₹निर्वाचन आयोग को तुरंत प्रभाव से निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। लोकतंत्र में ऐसी घटनाएं न केवल जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाती हैं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़ा करती हैं।



### किसान आंदोलन और चुनाव पर विचार

» सचिन पायलट ने आगे कहा कि महाराष्ट्र और झारखंड के किसान वर्तमान सरकार से परेशान हो चुके हैं और उन्होंने बदलाव का मन बना लिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों राज्यों और जहां भी उपचुनाव हो रहे हैं, वहां कांग्रेस और उनके गठबंधन को सफलता मिलेगी।

### समरावता हिंसा की जांच पर सवाल

» समरावता हिंसा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि ₹सरकार ने पहले न्यायिक जांच की बात कही थी लेकिन अब संभागीय आयुक्त से जांच कराई जा रही है। इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि सरकार वास्तव में चाहती क्या है। जांच यह सुनिश्चित करने के लिए होनी चाहिए कि इस घटना के पीछे कौन था और इसे जान बूझकर माहौल खराब करने के लिए अंजाम दिया गया या नहीं। सचिन पायलट के इन बयानों ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने सत्ताधारी पार्टी की कार्यशैली और पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए आगामी चुनावों में जनता से न्यायपूर्ण फैसला लेने की अपील की।

कार्यालय ग्राम पंचायत जिलावडा पंचायत समिति श्रीनगर (अजमेर)

क्रमांक - ग्रा.पं.श्री/निविदा/2024-25/56    दिनांक - 19/11/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के आदेश एफ27(263) ग्रावि/गुप 5 /जीकेएन / उपापन / 2015-16 जयपुर दिनांक 13.08.2016 एवं एफ 165 ( ) परावि/ लेखा/ RTPP/ विविध / 2020-21/ 1658 दिनांक 24.06.2020 के तहत ग्राम पंचायत में निम्नांकित कार्य हेतु संलग्न जी शिड्यूल में अंकित मापदण्डानुसार कार्य कारवाने के लिए निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 26.11.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक उपरोक्त निविदाएं वेवब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

NIB NO: ZAJ2425A00808, ZAJ2425A00809

UBN NO: ZAJ2425WSOBOO864, ZAJ2425WSOBOO865

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत जिलावडा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जिलावडा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929